सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
मंगलवार, 22 नवम्बर 2022
वर्ष-2-अंक 325
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## ख़ास ख़बर

### गुजरातः 26, 28 नवंबर को प्रचार करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए 26 और 28 नवंबर को प्रचार करेंगे। खड़गे से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष 26 नवंबर को अहमदाबाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और इसके अगले दिन संवाददाता सम्मेलन भी कर सकते हैं। खरगे 28 नवंबर को गांधीनगर के निकट एक जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष 27 नवंबर को मध्य प्रदेश के इंदौर में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे और एक सभा को संबोधित करेंगे। उधर, खरगे ने अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सोमवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

### आज़म खां के मीडिया प्रभारी भाजपा के साथ

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश की रामपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ने के बीच सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के मीडिया प्रभारी साहत अली शानू भाजपा में शामिल हो गए। कभी आजम खां के बेहद करीबी सहयोगी माने जाने वाले फसाहत अली भाजपा के प्रान्तीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। यह घटनाक्रम आजम खां के लिए एक झटका माना जा रहा है। अली ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व को देखते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब रामपुर में नगर निकाय और वार्ड स्तर तक हर जगह कमल खिलेगा।

### बिना वजह गिरफ्तारियां ठीक नहीं : यू यू ललित

**मुंबई।** पूर्व प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू यू ललित ने सोमवार को कहा कि हाल के समय में दीवानी विवादों को आपराधिक रंग दिया जा रहा है और अकारण गिरफ्तारियां की जा रही हैं जिससे न्याय व्यवस्था पर बोझ पड़ता है।
पूर्व सीजेआई बंबई उच्च न्यायालय में आपराधिक न्याय को प्रभावी बनाने संबंधी विषय पर न्यायमूर्ति के टी देसाई स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे।

## जरा हट के... बग्गा




# मोदी का राहुल पर तंजः सत्ता से बेदखल लोग वापसी के लिए यात्रा निकाल रहे

■ सुरेंद्र नगर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों को सत्ता से बेदखल कर दिया गया है, वे अब सत्ता में आने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं।चुनावी राज्य गुजरात के सुरेंद्रनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस चुनावों में विकास की बात ना करके उन्हें औकात दिखा देने की बात कर रही है।उन्होंने कहा, कांग्रेस अब चुनाव में विकास की बात नहीं करती है। इसकी जगह कांग्रेस के नेता मुझे औकात दिखाने की बात करते हैं। उनका घमंड देखिए। निश्चित तौर पर वे एक शाही परिवार से हैं जबकि मैं जन सेवक हूं। मेरी कोई औकात नहीं है।
उन्होंने कहा, पहले भी कांग्रेस ने मेरे लिए मौत का सौदागर , नीच आदमी और नाली का कीड़ा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है। मैं आपसे (कांग्रेस) अनुरोध करता हूं कि औकात की बात करने की जगह आप लोग विकास की बात करें। मोदी ने कहा कि वह ऐसी चीजों पर ध्यान नहीं देते हैं क्योंकि उनका ध्यान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में केंद्रित है। गुजरात की 182-सदस्ईय विधानसभा के लिए राज्य में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होने हैं। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोग सत्ता में लौटने के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं। वे ऐसे लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं जिन्होंने कानूनी याचिकाओं के माध्यम से नर्मदा बांध परियोजना को रोकने का काम किया और 40 वर्ष तक गुजरात को प्यासा रखा। इस चुनाव में गुजरात की जनता पदयात्रा करने वालों को सबक सिखाकर रहेगा। जनता उन्हें भी सबक सिखाएगी जिन्होंने नर्मदा परियोजना का विरोध किया था। प्रधानमंत्री का इशारा नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता रही मेधा पाटकर की ओर था। पाटकर हाल में राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत बचाओ यात्रा में शामिल हुई थीं। मोदी ने कहा कि एक समय था जब इस क्षेत्र की जनता को पानी के संकट का सामना करना पड़ता था।उन्होंने कहा, उस समय मैंने यह स्थिति सुधारने का प्रण लिया था। मैंने कहा था कि नर्मदा परियोजना से अगर किसी को सबसे अधिक फायदा होगा तो वह सुरेंद्रनगर जिले को होगा।
और आज मेरी बात सच साबित हुई है क्योंकि यह क्षेत्र इस परियोजना से सर्वाधिक लाभांवित हो रहा है। बिना किसी का नाम लिए मोदी ने कहा कि कुछ लोग गुजरात में निर्मित नमक खाकर भी गुजरात को गाली देते हैं।उन्होंने कहा कि देश के कुल नमक उत्पादन का 80 प्रतिशत हिस्सा गुजरात में होता है लेकिन कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी नमक उत्पादन करने वालों की ओर ध्यान नहीं दिया। नमक बनाने का काम करने वाले समुदाय को अगरिया कहा जाता है।

### गुजरात देश का शीर्ष राज्य इसलिए है क्योंकि जनता ने झूठे प्रचार, लुभावने वादों को खारिज किया : मोदी

**नवसारी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि सूखे और अन्य समस्याओं का सामना करने वाला गुजरात देश का शीर्ष राज्य बन जाएगा लेकिन प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनकर और झूठे प्रचार व लुभावने वादों को खारिज करके ऐसा सुनिश्चित कर दिखाया।प्रधानमंत्री दक्षिण गुजरात के इस शहर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।
अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार के सिलसिले में प्रधानमंत्री गुजरात के विभिन्न इलाकों में प्रचार कर रहे हैं। भाजपा लगातार सातवीं बार चुनाव जीतकर सत्ता में बने रहने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री बनने से पहले गुजरात के मुख्यमंत्री रह चुके मोदी ने कहा, पूर्व में लोग कहा करते थे कि गुजरात प्रगति नहीं कर सकता है क्योंकि यहां प्राकृतिक संसाधनों की कमी है और यहां तटरेखा बहुत लंबी है। वे यह भी कहा करते थे कि गुजरात में अक्सर सूखा भी पड़ता रहता था। इसके अतिरिक्त गुजरात को अक्सर साम्प्रदायिक दंगों और कर्फ्यू का भी सामना करना पड़ता था।

### मोदी ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

प्रधानमंत्री ने गुजरात की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर मछुआरों के लिए कुछ भी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसा इसलिए था क्योंकि इसमें मलाई शामिल नहीं थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने मछुआरों के समग्र कल्याण और उनके विकास के लिए राज्य में सागर खेडू योजना की शुरुआत की और साथ ही उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड का फायदा भी पहुंचाया। उन्होंने कहा, हाल ही में हमने ड्रोन नीति शुरु की है। इससे भी मछुआरों को फायदा मिलेगा। वे ड्रोन के माध्यम से तटीय इलाकों से मछलियों का परिवहन कर सकेंगे। इससे शहरों में मछली भी ताजा मिलेगी और मछुआरों की आय में भी वृद्धि होगी।



# आदिवासी देश के पहले मालिक, लेकिन भाजपा उनसे जंगल छीन रही

■ राजकोट

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि गुजरात के मोरबी में पिछले महीने झूलता पुल गिरने की घटना के असली गुनहगारों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई क्योंकि उनके सत्तारूढ़ भाजपा के साथ अच्छे संबंध हैं। पुल गिरने की घटना में 135 लोगों की मौत हो गई थी। राजकोट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि (दुर्घटना स्थल पर तैनात) चौकीदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, लेकिन असली गुनहगारों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई।
कांग्रेस नेता ने कहा, जब पत्रकारों ने मुझसे पूछा कि मैं मोरबी त्रासदी के बारे में क्या सोचता हूं...मैंने कहा कि करीब 150 लोग मारे गए और यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, इसलिए मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा। लेकिन आज सवाल उठता है कि क्यों कोई कार्वाई नहीं की गई, जो इसके (त्रासदी) लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं की गई?
गांधी ने आरोप लगाया, क्या उन्हें कुछ नहीं होगा क्योंकि उनके भाजपा के साथ अच्छे संबंध हैं? उन्होंने चौकीदारों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया, लेकिन असली गुनहगारों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई। गांधी ने कहा कि उन्हें दुख है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा गुजरात से नहीं गुजर रही है, जहां एक और पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव होंगे। कांग्रेस सांसद गांधी भारत जोड़ो यात्रा से विराम लेकर पार्टी के गुजरात दौरे पर आए। उन्होंने पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया। भारत जोड़ो यात्रा वर्तमान में महाराष्ट्र से गुजर रही है।

## उदयपुर में एक ही परिवार के छह सदस्य संदिग्ध हालात में मृत मिले

■ उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर जिले में एक दंपति और उनके चार बच्चे सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले। यह जानकारी पुलिस ने दी। उदयपुर पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि झाड़ौली गांव में परिवार के मुखिया ने पहले बच्चों और पत्नी को मार डाला और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
पुलिस ने बताया कि परिवार के मुखिया प्रकाश उर्फ पप्पू गमेती और तीन बेटों गणेश (5), पुष्कर (4), और रोशन (2) के शव फंदे पर लटके मिले, जबकि उसकी पत्नी दुर्गा और चार महीने के गंगाराम के शव बिस्तर पर पड़े थे।पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रकाश छोटा-मोटा काम करता था और तीन-चार महीने से मानसिक रूप से परेशान था। वह अक्सर एक स्थानीय भोपा या झाड़-फूंक करने वाले के पास इस डर से जाता था कि उसे कुछ बुरी आत्माओं के कारण जीवन में परेशानी हो रही है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना का पता सोमवार की सुबह तब चला जब मृतक का भाई घर गया और कमरे का दरवाजा खोला। सूत्रों के अनुसार प्रकाश के भाई ने स्थानीय लोगों को घटना की सूचना दी।

## ज्ञानवापी मामलाः कार्बन डेटिंग वाली याचिका पर सुनवाई 30 नवंबर को

■ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को भगवान विश्वेश्वर ज्ञानवापी मस्जिद मामले में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने के अनुरोध वाली पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तिथि निर्धारित की।वाराणसी के जिला न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। वाराणसी की अदालत ने शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और वैज्ञानिक ढंग से काल निर्धारण की मांग अस्वीकार कर दी थी।
न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने लक्ष्मी देवी और अन्य द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया क्योंकि सभी पक्ष सोमवार को अदालत में पेश नहीं हुए। सोमवार को जब इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने सर्वेक्षण के लिए समय आगे बढ़ाने का आवेदन दाखिल किया है। हालांकि अदालत ने कहा कि शिवलिंग को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए।



## एक युगल ने शादी में सेना को किया निमंत्रित, सेना ने किया स्वागत

एजेंसी ■ तिरुवनंतपुरम

अपनी शादी में सेना को निमंत्रित करने के केरल के एक युगल के सद्भावपूर्ण कृत्य की सोशल मीडिया पर प्रशंसा हो रही है। इस नव दंपत्ति का सोमवार को यहां पांगोडे सैन्य स्टेशन पर बुलाकर स्वागत किया गया। राहुल और कार्तिका ने 10 नवंबर को अपनी शादी में आने के लिए सेना को निमंत्रण भेजा था और उन्होंने देश की खातिर उसके प्यार, संकल्प एवं राष्ट्रभक्ति को लेकर उसके प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक हस्तलिखित नोट भी भेजा था। युगल ने नोट में लिखा था, हमें सुरक्षित रखने के लिए आपके प्रति हमारा गहरा आभार बनता है। आपके कारण ही हम चैन से सो पाते हैं। अपने प्रियजनों के साथ खुशी खुशी दिन बिताने का मौका देने के लिए आपको धन्यवाद। आपके कारण ही, हमारी खुशी-खुशी शादी हो रही है। इस विशेष दिन पर आपको निमंत्रित करते हुए हम बहुत खुश हैं। हमारी इच्छा है कि आप इस मौके पर मौजूद रहकर हमें आशीर्वाद दें। हमारी सुरक्षा करने के लिए आपको धन्यवाद।
जवाब में सेना ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और ट्वीट किया, भारतीय सेना राहुल एवं कार्तिका को इस शादी निमंत्रण के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देती है।

## राज्यपाल कोश्यारी को बाहर भेजें, किया प्रदर्शन

एजेंसी ■ पुणे/नागपुर

छत्रपति शिवाजी महाराज पर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की कथित टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद के बीच राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने सोमवार को आश्चर्य जताया कि उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मराठा शासक के अपमान का बचाव कैसे कर सकते हैं। वहीं, इसे लेकर मुंबई सहित महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी कोश्यारी के खिलाफ प्रदर्शन हुए।
उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने टीवी पर चर्चा के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी की भी आलोचना की।



▸▸ राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की कथित टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद के बीच राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने आश्चर्य जताया कि उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मराठा शासक के अपमान का बचाव कैसे कर सकते हैं।

सुले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मराठा शासक का नाम लेने का नैतिक अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि कोश्यारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में कहा था कि वह पुराने जमाने के आदर्श हैं। इसे लेकर पूरे राज्य में गुस्से का माहौल है, लेकिन रविवार को फडणवीस ने इस मामले में उनका बचाव किया। फडणवीस ने कहा था, यह बात स्पष्ट है कि छत्रपति शिवाजी महाराज सूरज-चांद का अस्तित्व रहने तक महाराष्ट्र और हमारे देश के आदर्श और हीरो रहेंगे। कोश्यारी के मन में भी इसे लेकर कोई संशय नहीं है। इसलिए राज्यपाल द्वारा की गई टिप्पणी के कई मायने निकलते हैं।
भाजपा के राज्यसभा सदस्य और छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने सोमवार को मांग की कि मराठा शासक पर टिप्पणी करने वाले राज्यपाल कोश्यारी और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी को राज्य से बाहर किया जाए।

## इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूकंप, 62 लोगों की मौत

**सियांजुर।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में सोमवार को भूकंप आने से कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। भूकंप से दर्जनों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और लोगों को अपनी जान बचाने के लिए सड़कों और गलियों में भागना पड़ा।
5.4 तीव्रता का भूकंप पश्चिम जावा प्रांत के सियांजुर क्षेत्र में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में केंद्रित था। इंडोनेशिया की मौसम एवं जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी के मुताबिक, भूकंप आने के बाद 25 झटके और दर्ज किए गए।

## भारत जोड़ो यात्रा से परेशान हैं पीएम : कांग्रेस

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उस पर निशाना साधे जाने के बाद सोमवार को उन पर पलटवार करते हुए दावा किया कि वह पिछले 75 दिनों से इस यात्रा को मिल रही प्रतिक्रिया से परेशान एवं हताश हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद के प्रति राष्ट्र की चेतना को जागृत करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई है। जो भी इन चिंताओं को साझा करता है, गांधीवाद में विश्वास करता है और संविधान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है उसका इस यात्रा में शामिल होने के लिए स्वागत है। उन्होंने दावा किया, प्रधानमंत्री इस यात्रा की आलोचना करके लोकप्रिय होती चीज को बदनाम करने की अपनी चिरपरिचित राजनीति कर रहे हैं। वह पिछले 75 दिनों में यात्रा को मिली मिली प्रतिक्रिया से स्पष्ट रूप से हताश हैं और परेशान हैं। रमेश ने सवाल किया, वह व्यक्ति 2022 में भारत जोड़ो को कैसे समझ सकते हैं जिनके संगठन ने 1942 में भारत छोड़ो यात्रा का खुलकर विरोध किया था? उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों को सत्ता से बेदखल कर दिया गया है, वे अब सत्ता में आने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने गुजरात की एक चुनावी सभा में यह भी कहा, कांग्रेस अब चुनाव में विकास की बात नहीं करती है। इसकी जगह कांग्रेस के नेता मुझे औकात दिखाने की बात करते हैं। उनका घमंड देखिए।
निश्चित तौर पर वे एक शाही परिवार से हैं जबकि मैं जन सेवक हूं। मेरी कोई औकात नहीं है।




## राहुल और गांधी परिवार ने अमेठी को धोखे के सिवा कुछ नहीं दिया

■ रायबरेली

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेठी की जनता से बार-बार आशीर्वाद मिलने के बावजूद गांधी परिवार ने बदले में उसे धोखे के सिवा और कुछ नहीं दिया।
केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के एक दिवसीय दौरे के दौरान सलोन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक समाचार पत्र के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की शुरुआत की। उन्होंने डीह ब्लॉक परिसर में छह करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
ईरानी ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा राहुल गांधी और गांधी परिवार अमेठी से जनप्रतिनिधि होने का बार-बार लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करता रहा है, लेकिन उन्होंने जनता को धोखे व पांच साल में एक बार दर्शन के अलावा कुछ नहीं दिया।
उन्होंने कहा कि अमेठी संसदीय क्षेत्र की जनता ने जो जिम्मेदारी दी उसके निर्वहन में केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है।

## मशवरा — नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा....

# कश्मीर पर पाक से बातचीत के लिए जी-20 का इस्तेमाल कर सकता है भारत

एजेंसी ■ जम्मू

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता का इस्तेमाल कश्मीर पर पाकिस्तान से बातचीत के लिए कर सकता है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इसके अलावा भारत इस अवसर के जरिए रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने में दुनिया की मदद भी कर सकता है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पाकिस्तान से बातचीत की वकालत करते-करते और इसके लिए खुद को राष्ट्र-विरोधी कहे जाने को लेकर थक गए हैं। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे खुशी है कि हम (भारत) जी-20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में सफल होंगे जिसने दुनिया की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है।
उन्होंने कहा कि यह दुनिया के लिए बेहतर होगा यदि भारत इस संकट को समाप्त करने में सक्षम होता है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, दूसरा, हमें कश्मीर को लेकर अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान से समस्या है। यह अवसर हमारी कठिनाइयों को समाप्त करने के लिए इस मुद्दे का समाधान खोजने की संभावना हो सकता है।
भारत एक दिसंबर 2022 से औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता संभालेगा और 200 से अधिक ऐसी बैठकों की अध्यक्षता करेगा जिनका उद्देश्य वैश्विक आर्थिक विकास और समृद्धि को सुरक्षित करना है। इसके अलावा जी-20 समूह के देश दुनिया के 80 प्रतिशत से अधिक सकल घरेलू उत्पाद, 75 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय व्यापार और दुनिया की 60 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 वैश्विक आर्थिक सहयोग का एक प्रभावशाली संगठन है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।



## बीरभूम :सीबीआई ने पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

**रामपुरहाट(प.बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के बोगतुई नरसंहार मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ एक स्थानीय अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।
इससे पहले जांच एजेंसी ने 20 जुलाई को 16 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मार्च में, तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता भादू शेख की हत्या के बाद बोगतुई में कथित तौर पर हमलावरों द्वारा किए गए हमले में दस लोगों की मौत हो गई थी।

## क़तर में फुटबॉल का महाकुंभ

फीफा विश्व कप के इतिहास में यह पहली बार है जब मेजबान देश को ओपनिंग मैच में हार मिली है। कप्तान इनर वेलेंसिया के दो गोल की मदद से इक्वाडोर ने फीफा विश्व कप के उद्घाटन मैच में मेजबान कतर को 2-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। वेलेंसिया ने ग्रुप-ए के इस मैच में पहला गोल 16वें मिनट में पेनल्टी पर किया जबकि 31वें मिनट में उन्होंने हेडर से दर्शनीय गोल दागा। खेल का जुनून करोड़ों लोगों के बीच इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि क्रिकेट का करिश्मा फीका नजर आ रहा है। इस आयोजन की मेजबानी एशिया को मिलना इस बात का प्रतीक है कि आने वाले दिनों में अमेरिका व यूरोप जैसा फुटबाल का जुनून इस महाद्वीप में भी नजर आये। इस आयोजन को लेकर कतर लगातार पश्चिमी देशों के निशाने पर रहा है। इस छोटे से देश की आयोजन क्षमता को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते रहे हैं। सवाल उसके मानवाधिकारों के रिकॉर्ड को लेकर भी उठते रहे हैं। लेकिन कतर के जज्बे ने दिखाया है कि एशियाई देश भी ऐसे भव्य आयोजन करने में सक्षम हैं। पूरा एशिया भी अब फुटबाल के खुमार में डूबता नजर आ रहा है। इस आयोजन में तमाम टीमों में खेलने वाले चोटी के खिलाड़ियों के साथ केंद्र में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ही रहेंगे। फीफा वर्ल्ड कप का यह आयोजन अपनी तमाम विशिष्टताओं के लिये याद किया जायेगा। कतर ने इस आयोजन के लिये बड़ी संख्या में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया है। कई बड़े स्टेडियम व होटल बनाये गये हैं। यहां तक कि मेट्रो व नई सड़कों का निर्माण इस बड़े आयोजन के लिये किया गया। आयोजन के लिये सात स्टेडियम तो स्थायी बनाये गये हैं, जबकि एक को आयोजन के बाद ध्वस्त कर दिया जायेगा। इसे शिपिंग कंटेनरों के जरिये बनाया गया है। दरअसल, कतर एक छोटा देश है जो आकार के मामले में दुनिया के शीर्ष सौ देशों में भी नहीं गिना जाता। दावा है कि करीब पंद्रह लाख लोग इस आयोजन में शामिल होने के लिये आएंगे जिनमें से कुछ लोगों को पड़ोसी देशों में रहना पड़ सकता है। वैसे कतर ने इस आयोजन के लिये पैसा पानी की तरह बहाया है।

> **खेल का जुनून करोड़ों लोगों के बीच इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि क्रिकेट का करिश्मा फीका नजर आ रहा है। इस आयोजन की मेजबानी एशिया को मिलना इस बात का प्रतीक है कि आने वाले दिनों में अमेरिका व यूरोप जैसा फुटबाल का जुनून इस महाद्वीप में भी नजर आये।**

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### जीवन में अग्न्याधान

*मयि गृह्णाम्यग्रे अग्निं रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय। मामु देवताः सचन्ताम्। ऋ 6.16.2*

मैं चाहता हूं कि मेरे राष्ट्र और संसार में आत्मैश्वर्य की पुष्टि हो। संसार नास्तिक और अधार्मिक होता चला जा रहा है। यह असह्य है। मैं अखिल विश्व को वेदानुयायी आर्य बनाकर की दम लूंगा। मेरी यह भी कामना है कि सारी मानवप्रजा सुप्रजा बन जाए। मानवों में व्यापा हुआ यह दुराचार मुझसे नहीं देखा जाता है। मैं इनमें मानवाचार की प्रस्थापना करके रहूंगा। मानवसमाज बिलासप्रिय और पराक्रमहीन होता चला जा रहा है। मुझे विश्व के मानवों में पुरुषार्थ की स्थापना करनी है। इस साधत्रय की साधना के लिए मुझे एक प्रचण्ड अग्नि प्रज्वलित करना होगा। उस अग्नि को, सर्वप्रथम, मैं अपने आपमें आधान करता हूं। मुझमें आहित यह अग्नि असंख्य जीवनों में ज्वाला प्रज्वलित करेगा। मेरे प्रज्वलित जीवन के साथ असंख्य प्रज्वलित जीवन इस सुपावन साध में जूझ रहे होंगे। शमा प्रथम अपने आपमें अग्नि का आधान करती है, प्रथम अपने आपमें आग लगाकर स्वयं जलती है, तदनन्तर रोकने महफिल बनकर महफिल को रोशन करती है। दीप प्रथम अपने शिर में अग्नि का आधान करके स्वयं जलता है, तत्पश्चात् ही वह प्राणियों को ठोकरों से बचाता है। प्रजातन्त्र में सुप्रजात्व के जगाने के लिए, प्रजा के सुखैश्वर्य की वृद्धि के लिए और प्रजा में सुवीर्य की स्थापना के लिए मैं आज स्वयं में आग जलाकर ज्वाला धधकाता हूं।

**आज का विचार** –डॉ. विनोद दीक्षित

### प्रवृत्ति और निवृत्ति

वैदिक सनातन अध्यात्म शास्त्र में दो मार्गों का निर्देशन हुआ हैद्व एक प्रवृत्ति और दूसरा निवृत्ति। रजोगुण की प्रधानता से प्रवृत्ति मार्ग पर मनुष्य अग्रसर होता है। केवल प्रवृत्ति से कर्म बाहुल्य में वृद्धि होती है, इससे कुछ लाभ नहीं होता बल्कि पतन का कारण बनता है। इसलिए प्रवृत्ति में धर्म और प्रभु स्मरण का संयोग हो ताकि जीवन में निवृत्ति का प्रवेश हो सके। इसके लिए आवश्यक है कि अपने समस्त कर्मों को ईश्वर को समर्पित कर देना चाहिए। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

**पत्र मिला**

### यह अच्छा प्रावधान है

डेटा प्रोटेक्शन के बिल के पेश प्रारूप के बारे में पहली बात यह जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि यह अंतिम मसविदा नहीं हैं। बल्कि सरकार ने इसे आम जन की राय जानने के लिए सामने रखा है। लोग अगले 17 दिसंबर तक इस पर अपनी राय सरकार को बता सकते हैं। इसलिए अभी इसमें कही गई बातों को आधार पर बना कर सरकार की आलोचना करना भी शायद तार्किक महसूस ना हो। लेकिन पृष्ठभूमि यह है कि सरकार ने इस बिल का प्रारूप पहले भी पेश किया था। उसकी सिविल सोसायटी में हुई कड़ी आलोचना के बाद वापस लिया गया। अब संशोधित प्रारूप सामने लाया गया है। इसमें किसी नागरिक के डेटा का प्राइवेट सेक्टर दुरुपयोग ना करे, इसके पुख्ता इंतजाम हैं। मसलन, यह कि किसी कंपनी को डेटा कि उपयोगिता पूरी होने के बाद तमाम डेटा को डिलीट कर करना होगा। इसके अलावा जिस मकसद से डेटा लिया गया है, उसके अलावा उसका उपयोग करना भी दुरुपयोग की श्रेणी में आएगा। ऐसा करने वाली कंपनी पर 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकेगा। यह अच्छा प्रावधान है।

जितेंद्र नारायण, चंडीगढ़।

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाई या मुकदमा प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# देश की नई ताकत बनते भारतवंशी

**जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन के नये भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी वार्ता हुई जहां सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और ब्रिटेन के कारोबारी संबंध प्रगाढ़ होने और दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र आकार लेने की उम्मीदें सामने दिखाई दे रही हैं।**



**जयंतीलाल भंडारी**

लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं।

यकीनन 16 नवंबर को भारत के जी-20 का नया अध्यक्ष बनने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने से भारतवंशी और प्रवासियों से भारत के विकास में अभूतपूर्व योगदान की उम्मीदें बढ़ गई हैं। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया में बाली के निकट सुनूर में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के पहले और 2014 के बाद के भारत में बहुत बड़ा फर्क है और देश अब अभूतपूर्व पैमाने और गति से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने प्रवासी भारतीयों को कहा कि 21वीं सदी में भारत दुनिया के लिए आशा की एक किरण है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर भारत दुनिया की भलाई का प्रतीक है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अब भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों की बढ़ती अहमियत भारत की एक और बढ़ी शक्ति है। मोदी ने प्रवासियों को जनवरी 2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में होने वाले प्रवासी सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया।

उल्लेखनीय है कि जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन के नये भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी वार्ता हुई जहां सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और ब्रिटेन के कारोबारी संबंध प्रगाढ़ होने और दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र आकार लेने की उम्मीदें सामने दिखाई दे रही हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब दुनिया के कोने-कोने में तेजी से आगे बढ़ रहे भारतवंशियों और प्रवासियों से भी सहयोग और सहभागिता की नई संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। हाल ही में प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020 में भारतीय प्रवासियों की कुल संख्या 1.79 करोड़ तक पहुंच गई। प्रवासियों की यह संख्या वर्ष 1990 में 66 लाख के मुकाबले छलांगें लगाकर तेजी से बढ़ी है।

गौरतलब है कि विगत 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर वाशिंगटन में अमेरिका के भारतीय मूल के लोगों और प्रवासी भारतीयों से सम्बद्ध अन्य सभी देशों के प्रवासियों से गैर-लाभकारी संस्थाओं के एक संयुक्त संगठन इंडिया फिलांथ्रोपी अलायंस (आईपीए) के तत्वावधान में भारत के विकास और मानव विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अधिक आर्थिक मदद दिए जाने का निर्णय विभिन्न देशों के प्रवासी भारतीयों के लिए भी प्रेरणादायी बन गया है। आईपीए ने 2 मार्च 2023 को 'इंडिया गिविंग डे' मनाने का निश्चय किया है। अभी तक आईपीए जिस तरह भारत को सहयोग के लिए सालाना करीब एक अरब डॉलर जुटाता है, उसे




अगले साल बढ़ाकर 3 अरब डॉलर जुटाने का लक्ष्य तय किया गया है। आईपीए ने कहा कि भारत ने अपनी आजादी के 75 साल का संतोषजनक सफर तय किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के बढ़ाए गए गौरव और प्रवासी भारतीयों के लिए किए गए विशेष प्रयासों से भारतवंशियों तथा प्रवासियों का भारत के लिए सहयोग लगातार बढ़ा है। ऐसे में अब भारत के तेज विकास और अपने भारतीय समुदाय के करोड़ों जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आईपीए खुले हाथों मदद के लिए आगे बढ़ा है।

जिस तरह ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा दुनिया में ऊंचाइयों पर दिखाई दे रहे भारतवंशी राजनेताओं और प्रवासी भारतीय उद्यमियों ने भारत के साथ सहयोग के सूत्र आगे बढ़ाए हैं, उससे भी प्रवासी भारतीयों द्वारा स्वदेश की ओर धन प्रेषण, स्नेह व मैत्री में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे प्रभावी राजनेताओं में अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, मॉरीशस में प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, पुर्तगाल में प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, सिंगापुर में राष्ट्रपति हलीमा याकूब, सूरीनाम में राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, गुयाना में राष्ट्रपति इरफान अली, सेशेल में राष्ट्रपति वावेल रामकलावन आदि दुनियाभर में चमकते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनके अलावा मॉरीशस में राजकेश्वर पुरयाग, अनिरुद्ध जगन्नाथ, नवीनचंद्र राम गुलाम, गुयाना में भरत जगदेव, डोनाल्ड रविन्द्र नाथ रामोतार, दक्षिण अफ्रीका में अहमद कथराडा, सिंगापुर में प्रो. एस. जयकुमार, न्यूजीलैंड में प्रियंका राधाकृष्णन, डॉ. आनन्द सत्यानंद, त्रिनिडाड एवं टोबैगो में कमला प्रसाद बिसेसर, कुराकाओ में यूजीन रघुनाथ आदि नाम उभरकर दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में दुनिया में शीर्ष पर दिखाई दे रहे प्रवासी भारतीय सुंदर पिचाई, सत्य नडेला, संजय मेहरोत्रा, शांतनु नारायण, दिनेश पालीवाल, अजय बंगा आदि ने भारत के साथ सहयोग के सूत्र मजबूत बनाए हैं। अब जनवरी, 2023 में इंदौर में आयोजित होने वाले 17वें प्रवासी भारतीय दिवस पर प्रवासी भारतीयों द्वारा भारत के विकास में योगदान हेतु विशेष रणनीतिक पहल की जाने की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।

इसमें दो मत नहीं कि भारतीय प्रवासी भारत को धन भेजने के मामले में अन्य सभी देशों के प्रवासियों से बहुत आगे हैं। विश्व बैंक द्वारा जारी 'माइग्रेशन एंड डेवेलपमेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2021 के मुताबिक विदेश में कमाई कर अपने देश में धन (रेमिटेंस) भेजने के मामले में वर्ष 2021 में भारतीय प्रवासी दुनिया में सबसे आगे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में प्रवासी भारतीयों ने 87 अरब डॉलर धन राशि स्वदेश भेजी है। जहां 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी, वहीं दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में धीमापन आने के कारण भारतीय प्रवासियों की आमदनी में बड़ी कमी आई थी। फिर भी भारतीय प्रवासियों द्वारा पिछले वर्ष भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था।

उल्लेखनीय है कि अतीत में जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई तब प्रवासियों ने मुक्त हस्त से विदेशी मुद्रा कोष को बढ़ाने में सहयोग दिया है। जब 11 और 13 मई 1998 को भारत द्वारा किए परमाणु परीक्षण पोखरण-2 के बाद अमेरिका की ओर से भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए गये तो भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने हेतु अगस्त 1998 में रीसर्जेंट इंडिया बॉन्ड्स की मदद से 4.8 अरब डॉलर की राशि जुटाई गई थी। इसी तरह 2001 में इंडिया मिलेनियम डिपॉजिट स्कीम की मदद से करीब 5 अरब डॉलर राशि जुटाई गई। ऐसे प्रयासों से विदेशी मुद्रा भंडार की चिंताएं कम हुई थी।

इस समय आर्थिक एवं वित्तीय चुनौतियों के बीच डॉलर संकट का सामना कर रहे भारत को प्रवासी भारतीयों से सहयोग की जरूरत तीन आधारों पर दिखाई दे रही है। एक, तेजी से घटता विदेशी मुद्रा भंडार, दो विकसित देश बनने के लक्ष्य की डगर पर तेजी से आगे बढ़ना और तीन, मानव विकास मापदंडों की ऊंचाई बढ़ाना। स्पष्ट है कि इस समय रूस-यूक्रेन युद्ध, क्रूड ऑयल की कीमत बढ़ने और डॉलर की मजबूती से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घटते हुए 530 अरब डॉलर के निचले स्तर पर है। डॉलर की तुलना में लुढ़कते रुपए को बचाने और विकास कार्यों के लिए अधिक विदेशी मुद्रा जरूरी है। वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल करने में प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका हो सकती है। देश में गरीबी, जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य व शिक्षा की चुनौतियों के निराकरण और डिजिटल नई पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रवासियों के सहयोग की जरूरत अनुभव की जा रही है।

## किसने क्या कहा...



सत्ता से बेदखल लोग वापसी के लिए यात्रा निकाल रहे : मोदी



भारत जोड़ो यात्रा में किसानों, युवाओं, आदिवासियों से मिल उनका दर्द महसूस किया : राहुल गांधी




राज्यपाल राष्ट्रीय सर्वसम्मति से कुलाधिपति का पद देखते हैं, न कि राज्य सरकारों की इच्छा से : आरिफ मोहम्मद खान



राहुल गांधी और गांधी परिवार ने अमेठी को धोखे के सिवा कुछ नहीं दिया : स्मृति ईरान

## कार्टून...




# नेपाल में चुनाव, आती-जाती सरकार, जनता बेजार

**चुनाव**

**मुकुंद**

नेपाल में संघीय और प्रांतीय विधानसभा चुनाव के नतीजे नेपाल के चुनाव आयोग ने आखिरी परिणाम आठ दिन में आने का भरोसा जताया है। नेपाल में 1990 में लोकतंत्र का सूरज उगा था। इसके बाद साल 2008 में राजशाही का सफाया हो गया। यह विडंबना देखिए कि लोकतंत्र स्थापित होने के 32 साल में यहां 32 सरकारें रही हैं। 2008 के बाद से अब तक पिछले 14 साल में 10 सरकारें आई-गई हैं। यह लोकतंत्र की विफलता की कहानी है। साल-दर-साल बदलते गठबंधनों और सरकारों से नेपाल के लोगों की राजनीतिक व्यवस्था में आस्था कम हुई है। देश के आर्थिक हालात भी बहुत अच्छे नहीं हैं।

इस बार चुनाव मैदान में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व में सत्ताधारी गठबंधन है। इस गठबंधन में उनकी पार्टी नेपाली कांग्रेस के अलावा पुष्प कमल दहाल प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल माओवादी सेंटर (सीपीएन-एमसी) और माधव कुमार नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- यूनिफाइड सोशिलस्ट (सीपीएन-यूएस) हैं। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में विपक्ष का गठबंधन है। इसमें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्कसिस्ट (सीपीएन- यूएमएल) के साथ राजशाही समर्थक और हिंदूवादी पार्टी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) है।

नेपाल में पुराने राजनेताओं पर लगे भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के आरोपों की वजह से छोटी पार्टियां पनपी हैं। इस बार कई स्वतंत्र उम्मीदवार और छोटी पार्टियां भी मैदान में हैं। नेशनल इंडिपेंडेंट पार्टी भी कई सीटों पर पुरानी पार्टियों को चुनौती दे रही है। भारत की नेपाल के इस राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर है। भारत के अपने पड़ोसी नेपाल से हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं लेकिन हाल के वर्षों में तल्खी आई है। इसकी वजह पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का वादा भी काफी हद तक जिम्मेदार है। उन्होंने लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधारा को नेपाल में शामिल करने का वादा किया था। भारत इन्हें उत्तराखंड प्रांत का हिस्सा मानता है। 2015 में नेपाल ने संविधान में बदलाव किया था। इसके बाद भारत ने नेपाल से दूरी बना ली थी। 2018



से लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधारा की वजह से जारी तनाव अब तक पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। नेपाल और चीन के बीच बढ़ती दोस्ती ने इस तनाव की लपटों को तेज किया है। बहरहाल नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सबसे बड़ी समस्या है। पांच साल का कार्यकाल पूरा किए गिरती सरकारों से देश राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों से नेपाली जनता को कोई फायदा नहीं मिलने वाला है। राजनीतिक संकट आगे भी बरकरार रहने वाला है। कुछ विश्लेषक तो त्रिशंकु नतीजे आने की भविष्यवाणी कर चुके हैं।

चुनाव पर करीब नजर रखने वाले राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने त्रिशंकु संसद और एक ऐसी सरकार के गठन का अनुमान जताया है, जो नेपाल में आवश्यक राजनीतिक स्थिरता प्रदान नहीं कर पाएगी। नेपाल में लगभग एक दशक तक रहे माओवादी उग्रवाद के खात्मे के बाद से संसद में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है और 2006 में गृह युद्ध के खत्म होने के बाद से कोई भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है। नेतृत्व में बार-बार बदलाव और राजनीतिक दलों के विवाद को भी देश के धीमे आर्थिक विकास का कारण बताया जाता है।

नेपाल से सूचना है कि संघीय संसद की 275 और सात प्रांतों में विधानसभाओं की 550 सीटों के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया है। संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 165 का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के जरिये होगा, जबकि शेष 110 को आनुपातिक मत प्रणाली से चुना जाएगा। इसी तरह प्रांतीय विधानसभाओं के कुल 550 सदस्यों में से 330 का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होगा, जबकि 220 का आनुपातिक मत प्रणाली से चुने जाएंगे। इस बार चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री देउबा के नेतृत्व में सत्ताधारी गठबंधन और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन ने मतदाताओं को लुभाने के लिए एक जैसे वादे किए हैं।

सत्ताधारी गठबंधन ने हर वर्ष 2.5 लाख नौकरी और विपक्षी गठबंधन ने पांच लाख नौकरी देने के साथ सुशासन, जवाबदेह व पारदर्शी सरकार का वादा किया है। चीन का दखल और सीमा-विवाद भी बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा भारत और चीन दोनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना भी चुनाव वादों में शामिल है।

## उपदेश

एक दिन दरबार में एक व्यक्ति आया और उसने कहा कि राजन, आज मैं आपको जो खिलौने दिखाने वाला हूं, वैसे खिलौने आपने कभी देख नहीं होंगे। व्यापारी ने अपने झोले से तीन पुतले निकाले। उसने कहा ये तीनों दिखने में तो एक जैसे हैं, लेकिन पहले पुतले की कीमत एक लाख मोहरें, दूसरे की कीमत एक हजार मोहरें और तीसरे की कीमत एक मोहर है। तीनों पुतले एक जैसे ही थी। सभी दरबारी भी तीनों पुतलों का भेद समझ नहीं सके। तब राजा ने अपने बुद्धिमान मंत्री से कहा कि कृपया इन पुतलों का भेद बताएं। मंत्री ने तीनों पुतलों को बहुत ध्यान से देखा और एक सेवक से कुछ तिनके मंगवाए। मंत्री ने पहले पुतले कान में एक तिनका डाला तो वह सीधे पेट में चला गया। कुछ देर बाद उसके होंठ हिलने लगा और बंद हो गए। दूसरे पुतले के कान में तिनका डाला तो वह तिनका दूसरे कान से बाहर निकल गया। तीसरे पुतले के कान में तिनका डाला तो उसका मुंह खुल गया और जोर-जोर से हिलने लगा। मंत्री से राजा और दरबारियों से कहा कि ये पुतले हमें बहुत बड़ी सीख दे रहे हैं। पहले पुतला उन लोगों की तरह है जो दूसरों की बात को सुनकर समझते हैं, उसकी सच्चाई मालूम करते हैं, उसके बाद ही कुछ बोलते हैं। इसीलिए इसकी कीमत सबसे ज्यादा है। दूसरा पुतला बता रहा है कि कुछ एक कान से बात सुनते हैं और दूसरे कान से निकाल देते हैं। ऐसे लोगों को किसी से कोई मतलब नहीं रहता है। ये अपनी मस्ती में ही मस्त रहते हैं। तीसरा पुतला उन लोगों की तरह जो किसी भी बात की सच्चाई मालूम किए बिना ही जोर-जोर चिन्नाने लगते हैं और सभी को बताने लगते हैं। इन लोगों के पेट में कोई बात टिकती नहीं है। इस तरह के लोगों से सावधान रहना चाहिए।

> *तीनों पुतले एक जैसे ही थी। सभी दरबारी भी तीनों पुतलों का भेद समझ नहीं सके। तब राजा ने अपने बुद्धिमान मंत्री से कहा कि कृपया इन पुतलों का भेद बताएं। मंत्री ने तीनों पुतलों को बहुत ध्यान से देखा और एक सेवक से कुछ तिनके मंगवाए। मंत्री ने पहले पुतले कान में एक तिनका डाला तो वह सीधे पेट में चला गया।*

## भाई बहन को रोडबेज बस ने रौंदा

**अमर ख्याल**

**गोरखपुर ।** जनपद के बडहलगंज कोतवाली क्षेत्र के टाडा गांव निवासी श्याम सकल मौर्य का पुत्र नितीश (20) सोमवार की सुबह अपनी बहन निशा (22) को बाइक पर बैठाकर घर से गोरखपुर की ओर रवाना हुआ। करीब 8:30 पर घर से कुछ दूर आगे तरैना पुल के पास पहुंचा तभी पीछे तेज रफ्तार से आ रही दोहरीघाट डिपो की बस ने बाइक को ठोकर मार दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आरोपी को शरण देने में तीन अभियुक्तगण गिरफ्तार



थाना सिविल लाइन–अभियुक्त को शरण देने में तीन अभियुक्तगण गिरफ्तार

**अमर ख़्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर।** एसपी अशोक कुमार शुक्ला द्वारा रामपुर मे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस रामपुर डा0 संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में सोमवार को थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर थाना सिविल लाइन, रामपुर पर पंजीकृत धारा भादवि के अभियुक्त एवं अपहता को 1. फरमान पुत्र सज्जाद अली 2. जर्रार उर्फ जरयार अली पुत्र सज्जाद अली 3. जुल्फेकार पुत्र सज्जाद अली निवासीगण अहमदनगर जागीर थाना सिविल लाईन रामपुर द्वारा शरण देने के आरोप में गाँधी समाधि से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी। अभियुक्त सानिब एवं अपहता की गिरफ्तारी/बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है

## भष्टचार के आकंठ में डूबा सांसद राजेश वर्मा ने खानपुर गांव को गोद लिया था



**संवाददाता मुकेश कुमार सकरन ( सीतापुर )** विकासखंड सकरन क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम पंचायत खानपुर मोईया में सड़कों पर फैली गंदगी कीचड़ व जल भराव युक्त रास्तों से निकलने को मजबूर ग्रामीण व राहगीर विकास खंड सकरन क्षेत्र के खानपुर गांव में वर्षो से रोड पर जल भराव कीचड़ बना रहता है नालिया चौक है जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इस दौरान राजेश कुमार चौरसिया,राजू भार्गव,संतोष रस्तोगी आदि दर्जनों ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर जलभराव से निजात पाने की मांग की थी ग्रामीण मनोज कुमार गुप्ता ने बताया यहां सफाई कर्मी आते हैं उनकी उपस्थिति राजकुमार चौरसिया ने बताया कि 2011 जब मैं जिला पंचायत सदस्य था पास करवाकर बनवाया था उसके बाद में इस सड़क की मरम्मत को लेकर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है यह मार्ग खानपुर से गड़ीपुरवा को जाता हैं जिसमे जल भराव की वजह से जगह जगह गड्ढे बन गए हैं जिसके चलते ऑटो रिक्शा बाइक सवार आए दिन चोटिल होते हैं इन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि आपको बताते चलें जिला सीतापुर के विकासखण्ड सकरन क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम पंचायत खानपुर को पिछली बार वहां के सांसद राजेश वर्मा ने गोद लिया था जिसके बाद सांसद राजेश वर्मा कभी उस गांव को नहीं आए और ग्रामीण असुविधाओ में जी रहे हैं जैसा कि आप तस्वीरों में देख रहे है गंदगी उसी खानपुर गांव की है जहां पर सांसद राजेश वर्मा के द्वारा गोद लिया था ग्रामीणों का कहना हैं कि गोद लेकर सांसद के द्वारा हम लोगों को ठेंगा दिखाया गया है देखना यह है कि खबर लिखे जाने तक कोई कार्य वही होती हैं या नहीं।

## साइन अंसारी निर्दलीय उम्मीदवार से पर्चा दाखिल किया



**अमर ख़्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम महासभा के प्रत्याशी एजाज अहमद ऊर्फ शाहिन अंसारी विधानसभा उपचुनाव 37 रामपुर से निर्दलीय नामांकन किया था जो आज वापस ले लिया है, शाहिन अंसारी ने आज मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हमनें अपने साथियों एंवम खासकर पसमांदा समाज से जुड़े हुए लोगों से मशविरा करके आज अपना नामांकन वापस ले लिया है, उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री आकाश सक्सेना ₹हनी₹ के समर्थन की मैं आज घोषणा करता हूं तथा पूरे अल्पसंख्यक/पसमांदा समाज एंव खासकर के अंसारी समाज के लोगों से गुजारिश करता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को ईमानदारी से चुनाव लड़ायें, और अधिक से अधिक वोटों से विजय बनाऐं।मौके पर: चैयरमैन शफीक अहमद अंसारी, शहजादे अली अंसारी, नवी बक्श अंसारी, नदीम अंसारी, शादाब अली अंसारी, सहीद अहमद अंसारी, गुड्डू खां, हबीब अंसारी, डॉक्टर बाकर अंसारी, भूरा खां आदि

## अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को लेकर चिकित्सा अधिकारी को दिया शिकायती पत्र



**अमर ख्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर ।** जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी की शिकायत को लेकर आज अखिल भारतीय राहुल गांधी ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से उनके कार्यालय में मुलाकात की इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपे पत्र के माध्यम से सैयद विक्की ने कहा कि डेंगू की बीमारी अपने चरम पर है इसके बावजूद जिला अस्पताल में डॉक्टरों की पर्याप्त संख्या नहीं है उन्होंने कहा कि रामपुर जिला अस्पताल में इस समय कोई सर्जन डॉक्टर भी नहीं है जिसकी वजह से मरीजों को रामपुर से बाहर जाना पड़ता है इसके साथ ही उन्होंने खून आदि की जांचौ का समय 11:00 से बढ़ाकर 2:00 तक कराने की मांग की, उन्होंने जिला अस्पताल के कुछ डॉक्टरों के रवैया को लेकर भी शिकायत की जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके द्वारा बताई गई जन समस्याओं का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा

# गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करें सरकार -उस्मान

### किसान यूनियन ने विकास भवन में प्रदर्शन कर सोंपा ज्ञापन

अमर ख़्याल , राहुल कुमार




रामपुर।राष्ट्रीय आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विकास भवन परिसर में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल को सौंपा इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जहां एक और केंद्र तथा राज्य सरकार है किसान हितेषी होने का झूठा दावा कर रहे हैं वही असलियत यह है कि उत्तर प्रदेश में नया पेराई सत्र शुरू कर दिया गया और गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया कैसी विडंबना है कि कि साना अपना गन्ना चीनी मिलों को दे रहा है लोकिन उसको यह नहीं मालूम कि उसका गन्ना किस मूल्य पर जा रहा है सरकार की यह नीति किसान विरोधी रवैया दर्शा रही है गन्ना मूल्य 450 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाए उन्होंने आगे कहा रवि फसलों की बुवाई का सीजन चल रहा है और फास्फेटिक उर्वरक किसी भी समिति के पास पर्याप्त मात्रा में नहीं है जिसका फायदा खाद माफिया मनमाने दामों में एनपीके और डीएपी उर्वरक बेचकर उठा रहे हैं उन्होंने उर्वरक की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की।प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष शाकिर अली अल्वी मुशाहिद हुसैन मोहम्मद याकूब अयूब मलिक टीकाराम कमाल पाशा फुरकान पाशा साहिल पाशा आदि लोग मौजूद रहे

# पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय सहित अन्य थानो का किया औचक निरीक्षण

अमर ख्याल



गोंडा। सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय मनकापुर, थाना मनकापुर, थाना छपिया व थाना खोड़ारे का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्किल व सर्किल के थाना कार्यालयों, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह, निमार्णाधीन आरक्षी बैरक, विवेचना कक्ष, मेंस व थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108, 102 व यातायात नियमों, साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कक्ष्वृत/जनशिकायतों के सम्बन्ध में लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक कक्ष्वृत/शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण, वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी व परिसर में खड़े माल मुकदमाती विशेष रूप से वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने के सम्बन्धित को निर्देश दिए गये। प्रभारी निरीक्षक छपिया को थाना परिसर की साफ-सफाई रखने व प्रभारी निरीक्षक थाना खोड़ारे को थाना की बाऊण्ड्री वॉल बनवाने के निर्देश दिये। औचक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मनकापुर संजय तलवार, प्रभारी निरीक्षक मनकापुर मनोज कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक छपिया प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे सुरेश कुमार वर्मा व पीआरओ, अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# खाद्यान्न वितरण की अवधि माह की 20 से 30 नवंबर तक नियत की गयी है

अमर ख्याल

गोंडा । जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार ने बताया कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर माह सितंबर 2022 के सापेक्ष आवंटित 05 कि०ग्रा० प्रति यूनिट चावल का निःशुल्क वितरण दिनांक 20.11.2022 से दिनांक 30 11.2022 के मध्य वितरण हेतु निम्नवत निर्देश निर्गत किये गये हैं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत आवंटित चावल का निःशुल्क वितरण दिनांक 20 नवंबर से प्रारम्भ होकर दिनांक 30 नवंबर तक सम्पन्न होगा। इस अवधि में अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 कि०ग्रा० चावल प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित किया जायेगा, राशन कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत चावल प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि आगामी 30 नवंबर तक होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत आवश्यक वस्तुओं का निर्वाध रूप से वितरण सुनिश्चित कराने हेतु उचित दर विक्रेताओं द्वारा द्वितीय वितरण चक्र के दौरान भी खाद्यान्न का वितरण कार्य प्रातः काल 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा आवश्यक वस्तुओं का वितरण निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराने एवं व्यावर्तन तथा कालाबाजारी रोकने हेतु समस्त उचित दर विक्रेताओं की दुकानों पर विकास विभाग, राजस्व विभाग, बाल विकास विभाग तथा नगरीय निकाय के अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी नोडल अधिकारी के रूप में इस निर्देश के साथ लगायी गयी है

कि नामित सभी नोडल अधिकारीगण सम्बन्धित दुकान पर अपनी उपस्थिति व अपनी देख-रेख में सम्बन्धित कार्डधारकों में खाद्यान्न का वितरण नियमानुसार कराना जाना सुनिश्चित करेगें, साथ ही प्रत्येक 08-10 दुकानों पर जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए नियत तिथियों में भ्रमणशील रहकर नियमानुसार खाद्यान्न वितरण कराये जाने एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों / नोडल अधिकारियों से वितरण आख्याएं प्राप्त कर सम्बन्धित तहसील के आपूर्ति कार्यालय अथवा उपजिलाधिकारी को उपलब्ध करायेगें। सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक द्वारा वितरण की रिपोर्ट संकलित करते हुए जिला पूर्ति कार्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा।

नामित समस्त पर्यवेक्षणीय अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपर्युक्त दिये गये निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करेगें जिलाधिकारी ने कहा कि किसी उपभोक्ता अथवा जनसामान्य को किसी विक्रेता के विरूद्ध किसी प्रकार की शिकयात हो तो जिला पूर्ति कार्यालय / सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी के कार्यालय से सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि किसी उचित दर विक्रेता के द्वारा खाद्यान्न वितरण के सम्बन्ध में घटतौली/अनियमितता किये जाने की शिकायत प्रकाश में आती है, तो उसके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी

# महिला सिपाही की तहरीर पर सिपाही के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

### आरोपी सिपाही को गिरफ्तार करके न्यायालय में हाजिर कर भेजा गया जेल

अमर ख्याल संवाददाता

कर्नलगंज(गोण्डा)उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा जहाँ एक तरफ महिला सशक्तिकरण पर जोर देकर महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के लिए आये दिन सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं और उसी के क्रम में पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ एक महिला सिपाही के साथ एक पुरुष सिपाही द्वारा फेंक आईडी के माध्यम से उसे परेशान करने का मामला सामने आया है। मामले में महिला सिपाही के मोबाइल नंबर से फेंक आईडी बनाकर किसी अश्लील ग्रुप से जोड़ने और शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोपी सिपाही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले में महिला सिपाही ने एसपी आकाश तोमर से शिकायत की थी कि किसी व्यक्ति द्वारा उसके नम्बर से फेंक आईडी बनाकर अश्लील ग्रुप में जोड़ दिया गया है जिससे उसके नंबर पर लोगों के द्वारा अश्लील मैसेज व काल किया जा रहा है। जब उसने इस संबंध में एक व्यक्ति से जानकारी किया कि आपको मोबाइल नंबर कहाँ से मिला तो बताया गया कि फेसबुक पर मनीषा नामक ग्रुप पर दीपिका कश्यप के नाम से उसके मोबाइल नंबर की आईडी डाली गई थी। जिसकी जानकारी होने पर उसने फेसबुक पर देखा तो अश्लील नाम से एक ग्रुप में अंशिका यादव व सलोनी पांडया नाम से उसकी आईडी एवं नंबर डाला गया था।

जिससे आहत होकर उसने एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर साइबर सेल ने जांच शुरू की तो पता चला कि फेंक आईडी कर्नलगंज कोतवाली में तैनात सिपाही रवींद्र रावत द्वारा बनाई गई है और उसका नंबर डाला गया है। यही नहीं आरोपी सिपाही पर आरोप है कि उसने महिला सिपाही द्वारा की गई शिकायत को वापस लेने के लिए कमरे पर जाते वक्त रात्रि में रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में महिला सिपाही के शिकायती प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही रवींद्र रावत के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी विनय सिंह का कहना है कि महिला सिपाही की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी सिपाही को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है

## उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) किया गया संचालित, पात्र लाभार्थी आवेदन कर प्राप्त करें लाभ : जिला प्रोबेशन अधिकारी

**अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे बलरामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र ने जनपद के आमजनमानस को जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) संचालित किया गया है। इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 से भिन्न अन्य कारणों से 01 मार्च, 2020 के बाद अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक को अथवा अभिभावक को खो दिया है अथवा 18 से 23 वर्ष तक की आयु के ऐसे किशोर जिनके माता-पिता दोनों, माता या पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावकों की मृत्यु हो गयी है, उनको कक्षा-12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने वाले एवं ठएएळ, खएए, उछअळ जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के तहत लाभान्वित किया जायेगा इस योजना के लिए पात्रता एवं शर्तें निर्धारित की गयी है जिसमें परिवार की वार्षिक आय रु0 03.00 लाख से कम, लाभार्थी उ0प्र0 का मूल निवासी हो व एक परिवार के लाभार्थी को जैविक व कानूनी रूप से गोद लिए गये अधिकतम 02 बच्चों को योजना का लाभ दिया जायेगा। इस योजना के लिए निर्धारित प्रारूप पर पूर्णरूप से भरे हुये आवेदन पत्र, बच्चे एवं वर्तमान अभिभावक की नवीनतम फोटो, बच्चे की आयु प्रमाण पत्र, किशोर न्याय बालको की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 94 में उल्लिखित प्रमाण पत्र अथवा परिवार रजिस्टर की नकल अथवा किसी सरकारी दस्तावेज कीप्रति जिसमें आयु का उल्लेख हो, बच्चे का शिक्षण संस्थान में पंजीयन का प्रमाण पत्र, उ0प्र0 के निवासी होने का घोषणा पत्र, आय प्रमाण पत्र माता-पिता दोनों की मृत्यु की स्थिति में जरुरी नहीं हैं आवेदन करते समय होना अनिवार्य है इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष की उम्र तक के बच्चों के बैंक खाते में रु0 2500 की धनराशि देय होगी, बशर्ते 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का औपचारिक शिक्षा हेतु उनका पंजीयन किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कराया गया हो। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए पात्र लाभार्थी जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, कमरा नं0-105 विकास भवन में सम्पर्क करते हुये आवेदन कर सकते है

## रामपुर में अबकी बार विधायक होंगे भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना



**अमर ख्याल , राहुल कुमार**

**रामपुर ।** उपचुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के समर्थन में लगे हुए हैं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं वही पूर्व सभासद दिनेश कश्यप ने अपने वार्ड में सभी वार्ड वासियों से निवेदन करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इकट्ठा होकर भाजपा को वोट दें और भाजपा प्रत्याशियों का सक्सेना को विजई बनाएं रामपुर में पिछले कई सालों से रामपुर के विधायक रहे आजम खान रामपुर में कोई काम नहीं कराया ना ही कोई रोजगार जनता को दिया इसी का परिणाम आज आजम खान को उठाना पड़ रहा है रामपुर की जनता आजम खान से नाखुश होकर भारतीय जनता पार्टी को सपोर्ट कर रही है और रामपुर की जनता भाजपा से बहुत ही खुश नजर आ रही है इसी को लेकर इस बार जनता का मूड बदल गया है और जनता पूरी लगा दो लगन और मेहनत के साथ भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना को उपचुनाव लड़ा रहिए और दावा भी कर रही है कि इस बार विधायक के रुप में भाजपा प्रत्याशी को देखा जाएगा वही आजम खान के करीबी लोग भाजपा का दामन थामने में लगे हुए हैं और भाजपा को ही समर्थन दे रहे हैं

## अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल**

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त राजकुमार उर्फ पप्पू चौबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 गोली अल्प्राजोलम बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0नगर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी

## चाइल्ड लाइन दोस्ती सप्ताह₹ के तहत बच्चों ने अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों को बांधे दोस्ती बैंड



**अमर ख्याल**

**गोंडा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने चाइल्ड लाइन दोस्ती सप्ताह के तहत बच्चो से दोस्ती का बैंड बंधवाते हुए कहा की बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग है, सभी मन लगाकर पढ़ाई करें तथा बच्चों से कहा कि उन्हे किसी प्रकार की कोई मदद की आवश्यकता हो, तो हमसे सम्पर्क कर सकते हैं इसके बाद बच्चों ने क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकांत गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण आदि को भी बच्चों ने दोस्ती बैंड पहनाया

## प्रेमी और प्रेमिका के मां-बाप के सहमति पर विवाह हुआ संपन्न



**अमर ख्याल संवाददाता**

**कटरा बाजार (गोण्डा)** ग्राम पंचायत भदैया व मोगहरी क्षेत्र से लड़का व लडकी के बीच प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था,जब प्रेम प्रसंग का मामला दोनों पक्षों के मां-बाप को हुई तब दोनों पक्ष आपस में बातचीत कर-के सहमत होकर पुलिस प्रशासन से कोई कार्यवाही की मांग ना कर स्थानीय थाना परिसर मंदिर में दोनों पक्षों के ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासी की मौजूदगी में विवाह हुआ संपन्न। दोनों ग्राम पंचायत के प्रधान व क्षेत्र वासी ने थाना परिसर में विवाह संपन्न होने पर लड़का लड़की को दिया आशीर्वाद, यह विवाह दोनों पक्षों ने आपस में सहमत होकर भाईचारे की भावना व मानवता की मिसाल बनकर क्षेत्रवासियों व दोनों ग्राम प्रधान की मौजूदगी में थाना परिसर मंदिर में विवाह संपन्न कराते हुए लड़का लड़की को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उ0प्र0 सरकार के कार्यकाल में दलितों के बस्ती में विद्युत सप्लाई अभी तक बाधित

## विद्युत विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी शासन के आदेशों को जमकर उड़ा रहे धज्जियां

अमर ख्याल , बाबू लाल शर्मा

कौड़िया (गोंडा)जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी अभियान के तहत प्रत्येक घर पर विद्युत सप्लाई कर हर घर रोशनी पहचाने के क्रम में समस्त जनपद के जिलाधिकारी व मुख्य अधिशासी अभियंता को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि उपरोक्त योजना के तहत किसी भी प्रकार का अभियंता व लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी,वही दूसरी तरफ विकासखंड रुपईडीह क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरैना मजरा हरिलाल पुरवा में दलितों बस्ती में 20 कनेक्शन होने के बावजूद भी चार वर्षो से दलित ग्रामीणों को नहीं मिली विद्युत सप्लाई। एलटी लाइन मीटर लगा हुआ है, दलित बस्ती को छोड़कर विद्युत सप्लाई मिल रही है लेकिन विभाग के द्वारा लापरवाही व उदासीनता के चलते ही दलितों को विद्युत सप्लाई नहीं दी जा रही। उक्त प्रकरण में ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों प्रार्थना पत्र देने के उपरांत विद्युत विभाग द्वारा जिम्मेदार कर्मचारी अभी तक संज्ञान ना लेकर बल्कि मौके पर पहुंचना समझते लाजमी।



जब उक्त प्रकरण में ग्रामीणों ने पत्रकार को सूचना देकर अवगत कराया जिस पर विद्युत विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों को दूरभाष के जरिए हजारों फोन पर संवाद स्थापित कर अवगत कराने के उपरांत भी जिम्मेदार कर्मचारी व खंड अधिशासी अभियंता सहित सोए कुंभकरण की नींद। जनपद गोंडा में विद्युत विभाग की पूरी व्यवस्था दलितों की बस्ती में ध्वस्त होने का मामला प्रकाश में आया, उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत जारी किए गए आदेश को ना मानकर जनपद गोंडा के मुख्य अभियंता व खंड अधिशासी अभियंता सहित शासन के आदेशों को ताक पर रखकर जमकर धज्जियां उड़ाते हुए मंसूबों पर लगा रहे पलीता जिससे दलितों के बस्ती व जनपद क्षेत्रों में व्यापक स्तर से जमकर हो रही चर्चा। ग्रामीणों का कहना है कि 09 सितंबर 2022 को जिलाधिकारी गोण्डा व मुख्यमंत्री एंव महिला आयोग को शिकायती पत्र दिया था जिसकी रिपोर्ट विद्युत विभाग के एस०डी०ओ०के द्वारा 03 अक्टूबर 2022 को लगायी गयी थी जिसमें कहा कि 10 दिवस के अन्दर विद्युत सप्लाई कर दी जायेगी लेकिन उक्त अवधि बीत जाने के बाद भी विद्युत सप्लाई नहीं दी गयी व कोई कार्यवाही नही की गयी। उत्तर प्रदेश सरकार के दलितों के प्रति लाख दावे जनपद के मुख्य अधिशासी अभियंता व खंड अधिशासी अभियंता ने विद्युत सप्लाई ना देकर हवा हवाई करके साबित कर रहे बौना, उत्तर प्रदेश शासन कार्यकाल में दलित परिवार अंधेरे में रहने पर मजबूर इतना ही नहीं बल्कि मिट्टी का तेल भी नहीं मिल रहा और अंधेरे में बच्चे की पढ़ाई बाधित हो रही है दलितों के द्वारा बताया जा रहा है योगीराज में दलितों की कोई सुनवाई नहीं है

# उचित मूल्य विक्रेताओं के तहसील अध्यक्ष बने रुदल यादव्र

**अमर ख्याल**

**चौरी चौरा ( गोरखपुर )** चौरीचौरा तहसील परिसर में उचित मूल्य विक्रेताओं (कोटेदारों)की बैठक जिलाध्यक्ष भागवत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उचित मूल्य विक्रेताओं के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से रुदल यादव को दूसरी बार पुनः तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बताते चलें कि और बैठक में रुदल यादव को दूसरी बार अध्यक्ष पद पर मनोनित करने के बाद अवधेश दूबे तथा जनार्दन चौधरी को उपाध्यक्ष, रमाकांत महासचिव, धनंजय पासवान, मायादेवी पाण्डेय,जयनाथ निषाद तथा अमरनाथ शुक्ला मंत्री, विकास मिश्रा मीडिया प्रभारी,बाबू यादव उप उपाध्यक्ष, रामप्रवेश कोषाध्यक्ष तथा ओमप्रकाश यादव सचिव मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में अनारी देवी,रामकेवल,सुबाष रामबृक्ष, संध्या मुस्तफा, रामनयन रामसमुझ राजकुमार उपेन्द्र यादव, खड्ग सिंह,मधुराजी राजेश भागीरथी,रामदेई छविलाल गोकुल तथा रामप्रवेश आदि रहे।

# धरने पर बैठे किसानों से वार्ता करने पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी

## जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों की मांग को सही ठहराया

अमर ख्याल



बिलारी। संभल मुरादाबाद बॉर्डर पर 6 दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन पर डीसीओ मुरादाबाद गन्ना अधिकारी ने पहुंचकर किसानों की समस्या सुनी तो किसानों ने वीनस शुगर मिल को बेईमान बताते हुए गन्ना व सेंटर देने से साफ इनकार कर दिया भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष तेजभान सिंह ने डीसीओ को ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि किसान भाइयों की मांग 3 दिन के अंदर पूरी नहीं होती है तो हमारे 5 जिलों के भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता व सेंटर से लगने वाले 12 गांव के किसान भाई आपके ऑफिस पर दिन रात अनिश्चित काल तक बैठेंगे और आपको भी बैठना पड़ेगा फिर डीसीओ मुरादाबाद ने वीनस शुगर मिल के जीएम शाहिद खान से फोन पर वार्ता की और वीनस शुगर मिल के जीएम ने कहा कि कल हम धरना स्थल पर आकर 2003-2004- 2006- 2007 व 2011 का पिछला भुगतान देने का वादा किया किसान भाइयों की दूसरी मांग पर गन्ना सेंटर को लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी स्थाई रखने को लेकर रखने गन्ना अधिकारी ने कहा कि स्वयं अपने द्वारा उच्च अधिकारियों से बात करूंगा कि जल्द से जल्द आप किसान भाइयों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए धरने में गन्ना सचिव आरके पाठक भारतीय किसान संघ संगठन मंत्री विभाग रमेश कुमार मुरादाबाद प्रांत जैविक प्रमुख जुगनेश राघव सरदार मनोहर सिंह छत्रपाल सिंह महेश चंद्र फतेह सिंह चौहान ऋषि पाल सिंह विजयपाल सिंह अनिल कुमार रोहतास यादव नन्नू सैनी जितेंद्र यादव रामपाल सिंह अन्य सैकड़ों किसान उपस्थित रहे

## विश्व मत्स्यिकी दिवस पर उत्कृष्ट मत्स्य पालकों को किया गया सम्मानित

# विधायक तुलसीपुर ने राप्ती नदी के कोडरी घाट पर डेढ़ लाख मछलियों का किया संचय



अमर ख्याल , प्रमोद कुमार पांडे

बलरामपुर । विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मत्स्य विभाग जनपद बलरामपुर द्वारा कोड़री घाट राप्ती नदी तट बलरामपुर में कैलाश नाथ शुक्ला मा0 विधायक तुलसीपुर द्वारा 1.50 लाख मछलियो का संचय किया गया। साथ ही जनपद 10 उत्कृष्ट मत्स्य प ा ल क ो अजीत सिंह, प्रह्लाद निषाद, शिव कुमार, विवेश कुमार, मो फजल आदि को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया एवं 50 मत्स्य पालको को ताजे जल मे मत्स्य पालन एवं मत्स्य क्षेत्र मे सहकारिता विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 विधायक श्री कैलाशनाथ शुक्ला जी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र पचपेड़वा के वैज्ञानिकों एवं अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित मत्स्य पालकों को मीठे जल में मत्स्य पालन से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर डॉ0 विनोद कुमार वर्मा सहायक निदेशक मत्स्य ने मत्स्य पालको मे मत्स्य विभाग की योजनाओ की विस्तृत जानकारी दीं। कार्यक्रम मे रेवती रमन चौधरी, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक, बाबूराम मत्स्य निरीक्षक, राजन सिंह, प्रगतिशील मत्स्य पालक, राम प्यारे कश्यप, प्रहलाद निषाद, राम भुवन, अजीत सिंह, अजय सिंह, सुखराम निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधि व मत्स्य गतिविधियों से जुड़े कृषक मौजूद रहे

# कोतवाल राजेश सिंह के भय से कापं रहे अपराधी जब से कोतवाली महराजगंज की कमान संभाली



**अमर ख्याल , सोनी कुमारी**

**महराजगंज ( रायबरेली )।** फरियादियों को मिल रहा है न्याय नहीं भटकना पड़ रहा है दर-दर कोतवाल राजेश सिंह के चार्ज संभालते ही दलालों एवं अराजक तत्वों में भय का माहौल है वही न्याय पाने वाले फरियादी कोतवाल राजेश सिंह की जय जयकार कर रहे हैं। महराजगंज कोतवाल राजेश सिंह आए हुए पीड़ित फरियादियों की फरियाद सुनते हुए गुणवत्ता पूर्वक जहां निस्तारण कर रहे हैं वही फरियादी भी बेझिझक अपनी फरियाद थाना प्रभारी से साझा करते हुए न्याय की उम्मीद के साथ आ रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी राजेश सिंह भी फरियादियों की फरियाद लगातार सुन रहे हैं प्रभारी निरीक्षक आए हुए पीड़ित फरियादियों की फरियाद सुनते हुए यथासंभव निस्तारण करने का कार्य कर रहे हैं जिससे कोतवाली क्षेत्र की जनता को न्याय मिल रहा है। और पीड़ितों को दर-दर न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद ही उचित न्याय मिल जाता है प्रभारी निरीक्षक ने जबसे कोतवाली की कमान संभाली है क्षेत्र में अराजकता फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए लगातार प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह द्वारा कोतवाली क्षेत्र में पैनी नजर बनाकर रखी जाती है

# अज्ञात कारणों के चलते बेतवा नदी में छात्रा ने लगाई छलांग



**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर ।** अज्ञात कारणों के चलते एक छात्रा ने आत्महत्या करने के उद्देश्य बेतवा पुल से छलांग लगा दी! छात्रा द्वारा बेतवा पुल से छलांग लगाने के उपरांत नदी में मछुआरों द्वारा देख लेने के बाद उसकी जान बचाई और तत्काल सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी! सूचना मिलने पर पुलिस मौका स्थल पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल इलाज हेतु भर्ती कराया! गौरतलब है कि सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा निवासिनी एक छात्रा मुख्यालय के बेतवा पुल पर अपराहन आई और पुल के ऊपर बैग व चप्पल उतार कर छलांग लगा दी! नदी में शिकार कर रहे मछुआरों ने छात्रा को जब कूदते हुए देखा तो छात्रा की जान बचाई! मछुआरों ने तत्काल सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह को सूचना दी जहां सूचना पाते ही तत्काल मौका स्थल पर पहुंचे! उन्होंने सदर कोतवाली में तैनात पीआरडी पिंकी देवी एवं पीआरडी के सुरेश यादव द्वारा छात्रा को इलाज हेतु भर्ती कराया! छात्रा द्वारा जिला अस्पताल में बताया गया कि हवन की सामग्री डालने के उद्देश्य से बेतवा पुल पर आई और जैसे ही हवन की सामग्री डाल रही थी तभी चक्कर सा आ गया और वह गिर गई

# डीजीपी के फरमान के बाद भी छुट्टी के लिए एसएसपी कार्यालय पर लग रहा भारी हुजूम



**अ म ा र ख्याल**

**गोरखपुर ।** एक आदेश के वजह से पुलिस विभाग के कर्मचारी हो रहे हलकान अपने उच्चाधिकारियों के कार्यालयों का लगा रहे चक्कर अभी हाल ही में डीजीपी उत्तर प्रदेश ने एक फरमान जारी किया कि पुलिस अधिकारियों जवानों की छुट्टी तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है किन्हीं विशेष परिस्थितियों में ही छुट्टी दी जा सकती है वह भी जिले के कप्तान के द्वारा फरमान पाते ही जिले के कप्तान ने थाने पर मौजूद रहने वाले जवानों की छुट्टी थानों व सर्किल अफसरों व पुलिस अधीक्षक के यहां से छुट्टी देना बंद कर दी जिसका नतीजा रहा कि शादी के मौसम में जिन जवानों के घर शादियां पड़ी हैं वह अपनी अपने भाई-बहन के शादियों में सम्मिलित कैसे हो अभी तो नगर निगम और नगर निकाय का चुनाव की घोषणा भी नहीं हुआ है उसके पूर्व ही पुलिस विभाग के मुखिया द्वारा अपने जवानों कर्मचारियों अधिकारियों की छुट्टी बंद कर देना कितना जायज है यह तो वही बता सकते है जवान छुट्टी के लिए अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगा रहा है वैसे तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर के कार्यालय में पहुंचने वालों की संख्या कम नहीं है लेकिन जिनकी खुद की शादी है उन्हें कुछ दिनों की छुट्टी देने को एसएसपी मजबूर हैं उन्हें अपने मुखिया के आदेश का पालन भी करना है। और वह भी पारिवारिक बंधन से जुड़े हुए हैं जिससे अपने कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान भी करना है।

# धोबी समाज के अपमान पर अन्य राज्यों से आए लोगों ने मथुरा में भरी हुंकार

अमर ख़्याल , राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में धोबी समाज का अपमान किए जाने को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा, बता दें अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही के नेतृत्व में, मथुरा में प्रतिवर्ष धार्मिक मान्यताओं के नाम पर मेहनत कर कपड़े धोने बाले परिश्रमी धोबी रजक समाज का सार्वजनिक स्थल पर सार्वजनिक रूप से जातीय शब्दों का प्रयोग कर अपमान करने वाले आयोजन समिति के उन लोगों के खिलाफ गगनभेदी नारे लगाते हुए जातिवाद मुदार्बाद, जातिवाद करने वालों का नाश हो जैसे नारे लगाते हुए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर एवं हाथों में जातिवाद विरोध की सांप्रदायिकता विरोध की पट्टी का शांति पूर्वक पैदल मार्च प्रदर्शन कर



महामहिम राज्यपाल महोदया एवं माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रकाश सिंह को सौंपा। शांतिपूर्ण पैदल मार्च प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में देश प्रदेश से लोग शामिल होकर मथुरा में धोबी रजक समाज के अपमान को मानवता एवं बहुजन समाज का अपमान बताकर निंदा की

इस अवसर पर रमेश सैनी अध्यक्ष लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी मथुरा एवं राजवीर सिंह अध्यक्ष भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी चित्रसेन मौर्य उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से मथुरा में हुई

पौराणिक कथाओं के नाम पर धार्मिक कथित मान्यताओं के नाम पर जाति अपमान की घटना करने वाले लोगों के खिलाफ अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की प्रदर्शन एवं ज्ञापन के दौरान आक्रोश व्यक्त करने वालों में लुकेश कुमार राही, रमेश सैनी, राजवीर सिंह, चित्रसेन मौर्य,तरुण क० नौजिया, एड प्रेमसिंह कर्दम जितेंद्र दिवाकर, बृजलाल कामरेड, रोहतास तवर, दीपक कनौजिया,हीरा चक्रवर्ती, रवि कुमार दिवाकर,संतोष सैनी, विनोद नागर, हरि सिंह दिल्ली, एवरन सिंह दिल्ली, मेजर महेंद्र सिंह दिल्ली, दुर्गा प्रसाद झांसी, श्रीपाल चौधरी आगरा, सुरेश सिंह भिंड आगरा, बनवारीलाल फौजी आगरा, हरि सिंह दिवाकर आगरा, शिव दयाल सिंह आगरा, दामोदर दिवाकर, रूप सिंह दिवाकर, संतोष दिवाकर ,मुन्ना लाल दिवाकर, छोटू दिवाकर, श्रीचंद छटीकरा, किशोर कुमार दिवाकर, मानिकचंद मास्टर, अमित कुमार, प्रमोद आगरा, राज गब्बर,मनीष, राजेश शैतानियां, हीरामन सिंह, फतेह सिंह प्रधान,प्रमोद जाटव ,रविंद्र, विवेक कुमार, डॉ राजकुमार सैनी, आदि सैकड़ों की संख्या में जातिवाद भेदभाव करने वाले लोगों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की

# समेकित शिक्षा दिव्यांग बच्चों हेतु तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों हेतु तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कंपोजिट विद्यालय कुबना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दिव्यांग बच्चों ने अपनी शारीरिक विकृतियों की परवाह न करते हुए खेल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। दिव्यांग बालिकाआओं की दौड़ प्रतियोगिता में मालती अपने नन्हे कदमों से सबसे तेज दौड़ लगाते हुए अव्वल रहे जबकि माही को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। इसी प्रकार दिव्यांग बालकों की दौड़ में आर्यन ने रोहित को पछाड़कर बाजी मारी।।शिवगढ़, बछरावां तथा महराजगंज के 50 दिव्यांग बच्चे शामिल हुए जिनके के मध्य 11 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में लाजो ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय और खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि कुर्सी दौड़ में तनिष्क ने प्रथम राधेश्याम ने द्वितीय और वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कुर्सी दौड़ में महादेव ने सत्यम को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कराने हेतु अपने दिव्यांग बच्चों को लेकर आया है भाव को के चेहरों पर बच्चों को खेलते हुए देखकर अपार प्रसन्नता झलक रही थी वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के चेहरे पुरस्कार पाकर खिल उठे।मुख्य अतिथि राम मिलन यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए और जीवन में संघर्ष कर सफल होने के लिए आवश्यक है कि उन्हें समाज का पूर्ण सहयोग मिले। प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी इरशाद सिद्दीकी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में भी बहुत सी प्रतिभाएं छिपी हुई हैं जिनको निखारने की आवश्यकता है। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करती हैं।

निर्णायक मंडल में मुख्य रूप से पवन साहू, अवनीश श्रीवास्तव, जय देव शुक्ला, संतोष कुमार, राकेश त्रिवेदी,शालिनी पांडेय, पूजा सिंह,उमेश चंद्र, हरिशंकर सिंह, प्रेम बहादुर, हरिशंकर,नाजिश अनवर, विवेक सिंह,विजय कुमार उपस्थित रहे

# आखिर कब होगी भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई ग्रामसभा पूरे अचली




अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली )

विकासखंड क्षेत्र के ग्रामसभा पूरे अचली मे व्याप्त भ्रष्टाचार के ऊपर कार्यवाही ना होने से एवं भ्रष्टाचारियों को बचा रहे ब्लॉक में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों की वजह से शिकायतकर्ता ननई मौर्य जहां दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं वही ग्राम प्रधान एवं उनके करीबियों द्वारा लगातार शिकायतकर्ता पर दबाव बनाया जा रहा है कि अपनी शिकायत वापस ले नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें । 6 माह पूर्व जिला अधिकारी के यहां शिकायतकर्ता ने गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत जिलाधिकारी से की थी जिलाधिकारी के आदेश पर 3 सदस्यीय टीम बनाकर गांव में जांच के लिए भेजा गया लेकिन जांच के नाम पर खानापूर्ति करने के बाद टीम वापस लौट गई और भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार करने का खुला लाइसेंस देकर अधिकारियों ने मामले को रफा-दफा कर दिया। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा फिर ग्राम प्रधान द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव से की गई जिसका संज्ञान लेते हुए माला श्रीवास्तव ने डीपीआरओ से मामले की जांच एवं जानकारी करने की बात कही थी कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी ना आज तक भ्रष्ट प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी एवं महराजगंज विकासखंड में बैठे एपीओ मनरेगा के ऊपर कारवाई और जांच नहीं की गई मामले में अधिकारियों द्वारा केवल ऑल इज वेल का पहाड़ा पढ़ाया जा रहा है। और ग्राम प्रधान लगातार सरकारी पैसे का दुरुपयोग करते हुए बंदरबांट करता हुआ नजर आ रहा है क्षेत्र में चर्चा का विषय है कि कहीं ना कहीं ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी एपीओ मनरेगा के ऊपर किसी न किसी बड़े लेवल के अधिकारी या फिर नेता का हाथ है जिससे लगातार भ्रष्टाचार करने के बावजूद भी ग्राम प्रधान और ब्लॉक के कर्मचारियों पर अधिकारी मेहरबान है ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी एवं एपीओ मनरेगा के ऊपर शिकायतकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं उसके बावजूद भी जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है

# काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यों के प्रयागराज आगमन पर उनका भव्य रूप से किया गया स्वागत

## संगम क्षेत्र के विहंगम एवं मनोहारी दृश्य देखकर अभिभूत हुए काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगण

अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी

प्रयागराज। ह्ह्यकाशी तमिल संगममह्ह्य कार्यक्रम के प्रथम जत्थे (टीम) के सदस्यों का सोमवार को जनपद प्रयागराज के आगमन पर टीम के सदस्यों का पुष्पवर्षा, वैदिक मंत्रोच्चार एवं मां तमिल की वंदना के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया। संगम क्षेत्र में पहुंचने पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल,विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, गंगापार के भाजपा अध्यक्ष अश्विनी कुमार दूबे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा



टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर काशी तमिल संगमम पर्यटकों के स्वागत में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए। काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर पर्यटकगण मंत्रमुग्ध हो गये। पर्यटकगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी लिया गया तथा सैण्डआर्ट का अवलोकन किया गया। सांसद केशरी देवी पटेल, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा टीम के सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्यों ने आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर जाकर दर्शन किए। तत्पश्चात टीम के सदस्य चन्द्रशेखर आजाद पार्क एवं स्वामी नारायण मंदिर भी गये। इस अवसर पर एडीएम नजूल, सिटी मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, पीडी ए0के0 मौर्या सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे

# क्षेत्रीय सहकारी समिति में लटक रहा ताला , डीएपी खाद के लिए किसान परेशान

अमर ख्याल ब्यूरो

नवाबगंज ( बहराइच )
क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड नवाबगंज में लटक रहा ताला किसान खाद के लिए निजी खाद बिक्रेताओं की दुकान से महगे दामों में डीएपी खाद की कर रहे खरीदारी। नवाबगंज क्षेत्र के मजगवां गांव निवासी भुसैली प्रसाद , राजिता राम वर्मा , उदय राम वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यालय में ताला बंद था। जिस कारण उन्होंने निजी खाद बिक्रेता की दुकान से सरकारी कीमत 13 सौ पचास रुपये के बजाय सोलह सौ रुपए में खरीदनी पडी है। ऐसे ही अन्य किसानों का कहना कि आए दिन सहकारी समिति लिमिटेड में ताला लटकता हुआ मिलता है। तथा किसानों को निजी खाद




विक्रेताओं की शरण में जाना पड़ रहा है और महंगे दामों में डीएपी की खाद को खरीदना पड़ रहा है इस संबंध में जब क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड के केन्द्र प्रभारी रामेंद्र प्रताप सिंह से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया

# सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर

अमर ख्याल ब्यूरो

नवाबगंज ( बहराइच ) स्वच्छ भारत मिशन अभियान के सपनों की धज्जियां उड़ा रहे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रधान। स्वच्छता अभियान के मद्देनजर गांवों में बनाए गए शौचालय ग्राम प्रधान की उदासीनता के चलते शोपीस बने हुए हैं। ऐसे ही विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुलहरिया में बना सामुदायिक0 शौचालय शो पीस बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय समय से नहीं खुलता है जिस कारण शौच के लिए ग्रामीणों को खुले में जाना पड़




रहा है शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में जब ग्राम 0प्रधान राम प्रसाद आर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शौचालय समय से खुल रहा है और समय से बंद होता है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक व समाजिक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर सभी का मोहा मन

अमर ख्याल ब्यूरो

रुपईडीहा ( बहराइच )। प्रांमिस लैण्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज रुपईडीहा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज नानपारा की डां0 वीरांगना कान्त श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विधायक श्री वर्मा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विगत 25 वर्षों से शिक्षा कार्य में अनवरत अनुशासन व बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डा0 सनत कुमार शर्मा ने विद्यालय के संस्थापक ए0 एस0 स्टेनली व प्रधानाचार्य अनुग्रह स्टेनली की प्रशंसा करते हुए कहा कि विगत 25 वर्षों से इस विद्यालय के बच्चों ने बहराइच जनपद व क्षेत्रीय स्तर पर अनेकों बार विधालय का नाम रोशन किया है। जिसके लिए विद्यालय का शिक्षक वर्ग व प्रबंध समिति बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रिंसिपल अनुग्रह स्टेनली व विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्पोर्ट, सामाजिक, सांस्कृतिक,अन्य कई प्रकार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विजेता छात्र छात्राओं को विधायक श्री वर्मा द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारुकी, विद्यालय के शिक्षक एस यू खान, अरुण कुमार शर्मा,आकाश पान्डेय, अवनीश गुप्ता, अनुराधा बनियां, क्वीन मैसी,जिकरा फातिमा,किरन मदेशिया,सायरीन राई, नूरी फातिमा, शिफाली सिद्दीकी आदि भारी संख्या में अभिभावक तथा एसएसबी व रुपईडीहा थाने का स्टाफ के लोग मौजूद रहे।



# सडक हादसे में युवक की मौत

**संवाददाता चमन अली**

**मौदहा ( हमीरपुर ) खूनी हाईवे के नाम से प्रसिद्ध हो चुका नेशनल हाईवे 34 एकबार फिर से सडक हादसे में लाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रविवार रात कस्बे के नेशनल हाईवे 34 पर मंकरांव के निकट ट्रक पलटने से देवेंद्र कुमार (32) पुत्र अवधेश प्रसाद निवासी मंझावां कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस और पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बंध कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा ने बताया कि उपनिरीक्षक धनन्जय सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की कार्यवाही की जा रही है**

# लाखों की लगी कीमत उपस्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील

## दरवाजा खिड़की नदारद,जुआरी शराबियों का बना अड्डा , जिम्मेदार मौन

मनोज त्रिपाठी

लालापुर ( प्रयागराज ) क्षेत्र में कयी वर्ष पहले लाखों की लागत लगाकर कयी गांवो में उपस्वास्थ्य केंद्र बनवाया ।बनते ही कुछ दिन गांव की नियुक्ति हुयी एनम आशा ने कभी कभार टीका करण भी किया ।लेकिन ए सिलसिला ज्यादा दिन तक नही चला,ब्लाक जसरा अस्पताल की तरफ से जैसे स्टाफ उपस्वास्थ्य केंद्र पर आना बंद कर दिया,तो वहाँ की खिड़की, दरवाजा, पानी की टँकी अराजकतत्वों ने अपने घर उठा ले गये ।सूत्रों की माने तो बेलामुण्डी गांव में सरकारी बिल्डिंग के समान पर अराजकतत्वों का बोल बाला दिखायी पड़ रहा है ।बर्तमान प्रधान सूर्य बली त्रिपाठी ने कयी बार सरकारी दरवाजा पानी की टँकी की मांग किया लेकिन वापस आज तक नही मिला ।आखिर अस्पताल स्टाफ




अपने बिल्डिंग की दरवाजा खिड़की पानी की टँकी की चोरी की लिखित शिकायत क्यो नही की। खुद जिम्मेवार जब अपनी जिम्मेवारी से दूर भागेंगे तो सरकारी बिल्डिंग की देख भाल कौन करेगा ।अगर शिकायत किया होता तो सायद आज उपस्वास्थ्य केंद्र बेलामुण्डी का अराजकतत्वों के द्वारा उस बिल्डिंग में मछली न पकती न ही जुवाड़ी शराबियों का अड्डा बनता ।इसको देखकर यही साबित हो रहा है कि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से कोसो दूर है ।खैर गल्ती किसी की हो लेकिन सरकार ने ग्रामीणों के सुविधा के लिये बनवाया ताकि बच्चों व गर्भवती महिला का जांच व टीका करण हो सके ।लेकिन यहाँ सब नदारद है। ग्राम प्रधान बेलामुण्डी सूर्य बली त्रिपाठी का कहना है जानकारी होने पर कयी बार मांग किया लेकिन आज तक नही मिला।

# बॉलीवुड ...

# रणवीर सिंह
## को मिला 'सुपरस्टार ऑफ द डिकेड' का अवॉर्ड

हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार रणवीर सिंह रणवीर सिंह इन दिनों दुबई में हैं। यहां उन्होंने फिल्म फेयर मिडिल ईस्ट अचीवर्स नाइट 2022 में हिस्सा लिया है। इस अवॉर्ड फंक्शन के दौरान रणवीर सिंह का जबरदस्त जादू देखने को मिला। वो डांस करते, दर्शकों को हंसाते हुए तो कभी इनोशनल होकर रुलाते हुए दिखे। अवॉर्ड फंक्शन के फोटोज भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए है। इस अवॉर्ड फंक्शन में रणवीर सिंह को 'सुपरस्टार ऑफ द डिकेड' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड को रणवीर सिंह ने अपने माता पिता को डेडिकेट किया। अवॉर्ड लेने के दौरान रणवीर सिंह ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले जब मैं पोर्टफोलियो बनाने जा रहा था। हर एक्टर का एक पोर्टफोलियो होता है कि यहां-वहां लेकर जाएंगे, सभी को दिखाएंगे। पोर्टफोलियो कोटेशन आया 50 हजार रुपये। मैंने पापा से कहा ये तो महंगा है। तब पापा ने कहा कि फिक्र मत कर तेरा पापा बैठा है यहां। रणवीर ने ये भी कहा कि मम्मी आपको याद है न कि छोटे वाले घर में मैं कितना बुरा ऑडिशन देता था। और आपकी गोद में सिर रखकर कहा था कि मम्मा मुझे नहीं पता कि मेरा ये सपना कभी पूरा होगा या नहीं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल किया जा रहा है। बता दें कि रणवीर सिंह आज के समय में किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। रणवीर सिंह ने इंडस्ट्री में 12 वर्षों का समय बिताया है। इस दौरान उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी है। आने वाले दिनों में रणवीर सिंह रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस में दिखेंगे। उन्होंने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह स्टारर यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। इसके अलावा रणवीर सिंह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी नजर आएंगे।




## दो बार कैंसर को मात देने वाली अभिनेत्री एंड्रिला शर्मा की कार्डियक अरेस्ट ने ली जान

बंगाली अभिनेत्री एंड्रिला शर्मा का 24 वर्ष की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया है। अस्तपाल में उनका ब्रेन स्ट्रोक का इलाज चल रहा था, वो कई दिनों से कोमा में थी। इलाज के दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें सीपीआर भी दिया मगर उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। एंड्रिला शर्मा के निधन से उनके फैंस काफी दुखी है। फैंस और इंडस्ट्री में उनके फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे थे, मगर निधन की खबर से सभी बेहद दुखी है। एंड्रिला ने दो बार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी मात दी थी। मगर बीते एक नवंबर को वो ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया मगर उनकी हालत में अधिक सुधार नहीं हुआ। बीते 14 नवंबर को एंड्रिला को कार्डियेक अरेस्ट आए, जिससे उनकी तबियत अधिक बिगड़ती गई। एंड्रिला की स्थिति को देखते हुए उन्हें डॉक्टरों ने वेंटिलेटर पर रखा मगर फिर भी उनकी जान नहीं बच सकी। जानकारी के मुताबिक एंड्रिला को हाल ही में लेफ्ट फेंटोटेम्पोरोपैरिएटल डी कंप्रेसिव क्रेनियॉटमी सर्जरी से गुजरना पड़ा था। ये सर्जरी ब्रेन स्ट्रोक आने पर मरीज को दी जाती है। एंड्रिला के निधन के बाद अस्पताल ने भी बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की है। अस्तपाल की ओर से कहा गया कि एंड्रिला को रिकवर कराने में हमारी टीम जुटी हुई थी मगर हमारे प्रयास उस समय विफल हो गए जब रविवार को एंड्रिला को कार्डियक अरेस्ट आया, जिसके बाद 12.59 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली।



### कैंसर सर्वाइवर थी एंड्रिला

एंड्रिला ने अपने छोटे से जीवन में दो बार कैंसर जैसी बड़ी बीमारी को मात दी थी। हाल ही में डॉक्टरों ने घोषणा की थी कि वो कैंसर से फ्री हुई है। कैंसर से ठीक होने के बाद उन्होंने दोबारा एक्टिंग शुरू की थी। हालांकि वो लंबे समय तक एक्टिंग जारी नहीं रख सकी और एक नवंबर को उन्हें ब्रेन स्ट्रोक के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था, जहां उनका ऑपरेशन किया गया था।

### बंगाली इंडस्ट्री में थी बड़ा नाम

एंड्रिला बंगाली दर्शकों के बीच बड़ा नाम थी। टीवी की दुनिया में उन्होंने झूमर शो से एंट्री की थी। इसके बाद वो जियो काथी और जीवन ज्योति जैसे कई लोकप्रिय धारावाहिकों दिखाई दी थी। उन्होंने वेब सीरीज भागेर में भी भूमिका निभाई थी। वैसे तो एंड्रिला का एक्टिंग करियर काफी छोटा रहा मगर कई टीवी सीरियल्स में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने में वो कायम रही थी।

# थाई हाई स्लिट ड्रेस में जाह्नवी कपूर
## ने फिर दिखाया अपना सिजलिंग अवतार





जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्मों के साथ अपनी फैशन आइकन के लिए खबरों में छाई हुई हैं. हाल ही में अदाकारा ने फिल्म फेयर 2022 के अवार्ड फंक्शन में शामिल होकर सभी का दिल जीत लिया था. अब हसीना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने रिसेन्ट लुक के फोटोशूट की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह बलां की खूबसूरत दिखाई दीं. आपको बता दें कि जाह्नवी अक्सर ही अपने ग्लैमरस लुक्स में कहर ढाती हुई दिखाई देती हैं और उनकी तस्वीरें मिनटों में वायरल हो जाती हैं. अपनी किलर लुक्स को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहने वाली इस हसीना ने हमेशा की तरह इस बार भी अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में अपनी खूबसूरती से कहर ढाने का काम कर रही हैं. सामने आई तस्वीरों में जाह्नवी ने क्रीम कलर की थाई हाई स्लिट ड्रेस में बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं. फोटो में उनका मेकअप भी काफी शानदार लग रहा है. बालों में बन बनाए, और पैरों में मैचिंग फुटवियर पहने उन्होंने अपना लुक पूरा किया है. स्मोकी आई मेकअप, होठों पर लगा पिंक न्यूड लिपस्टिक उनकी खूबसूरती पर चार चांद लगा दी है. जाह्नवी अपनी ग्लैसरस फोटो को फैंस को शेयर करते हुए दुबई को धन्यवाद दिया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा, इतनी मजेदार रात के लिए दुबई को धन्यवाद.

## 53वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में कार्तिक आर्यन का रहा जलवा



53 वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का आगाज हुआ. इस शो में कई बॉलीवुड हस्तियों ने शिरकत की, लेकिन कार्तिक आर्यन ने इस शो में शामिल होकर सारी लाइम लाइट अपने नाम कर लिया. शो को सेट से कार्तिक की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें एक्टर का अंदाज देखते ही बन रहा है. इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के रेड कार्पेट पर कार्तिक आर्यन के अलावा अजय देवगन, वरुण धवन ,सारा अली खान, मनोज बाजपेयी, पंकज त्रिपाठी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी समेत कई सितारों ने शिरकत की. फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में कार्तिक आर्यन ने शानदार परफॉर्म दिया. वह अपनी फिल्मों के कुछ हिट गानों पर थिरकते हुए दिखाई दिए. कार्तिक ने अवार्ड शो में अपनी कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टेज पर परफार्म करते हुए दिखाई दे रहे हैं. बता दें कि कार्तिक के स्टेज परफार्म की कुछ तस्वीरों को कलर्स चैनल ने भी अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है.

## 'गोविंदा नाम मेरा' का ट्रेलर देख गदगद हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा

कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर की स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' का शानदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है. फिल्म का ट्रेलर दर्शकों सहित बॉलीवुड सितारों के भी दिलों को भा गया है. हर कई फिल्म के ट्रेलर देख अपना-अपना रिएक्शन दे रहा है. इसी बीच कियारा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी 'गोविंदा नाम मेरा' का ट्रेलर देखने के बाद अपना रिएक्शन दिया है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी लव लेडी की तारीफ करने के साथ ही साथ फिल्म के बाकि सितारों की जमकर तारीफें की है. यूं तो ये सभी जानते हैं कि सिद्धार्थ-कियारा अक्सर मौका मिलते ही एक दूसरे की तारीफें करना नहीं छोड़ते हैं. दोनों ने भले ही मीडिया के सामने अभी तक अपने प्यार को नहीं कबूला है,लेकिन अक्सर दोनों को मीडिया के सामने एक दूजे की तारीफों का पूल बांधते हुए देखा जाता है. कुछ ऐसा ही एक बार फिर से सिद्धार्थ को कियारा को चीयर करते हुए देखा गया. गोविंदा नाम मेरा' का ट्रेलर जारी होने के बाद, सिद्धार्थ ने फिल्म का एक पोस्टर अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और लिखा, रोमांचक कलाकार और पेचीदा कथानक एक पागल मजेदार राइड की तरह लग रहा है, वास्तव में मैं बहुत आगे देख रहा हूं दोस्तो. हाल ही में सिद्धार्थ ने कियारा के भाई मिशाल को चीयर करने के लिए एक म्यूजिक इवेंट में पहुंचे हुए थे. जहां पहुंच कर उन्होंने उनका नया गाना रिलीज किया और सोशल मीडिया पर उनके लिए प्यार भरा मैसेज भी लिखा था. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी के अफेयर के चर्चे कई सालों से बॉलीवुड के गलियारों में लंबे समय से चल रहे हैं. हालांकि अब अफेयर की अटकलों के साथ ही अब दोनों की शादी की खबर भी सुर्खियों में है. खबरें है कि कपल जल्द ही अपनी शादी की तारीखों को ऐलान करेगा.



### *सिद्धार्थ-कियारा की आने वाली फिल्में*

अब सिद्धार्थ-कियारा के काम की बात करें तो सिद्धार्थ को जल्द ही फिल्म 'योद्धा', 'मिशन मजनू' और इंडियन पुलिस फोर्स में दिखाई देंगे, जबकि कियारा 'गोविंदा नाम मेरा' के बाद सत्यप्रेम की कथा, और साउथ की फिलम आर सी 15 में दिखने वाली हैं.

## सोनू सूद
### ने सोसाइटी अचीवर्स अवॉर्ड्स 2022 में प्रतिष्ठित नेशंस प्राइड अवॉर्ड जीता

कोविड लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों के लिए मसीहा होने से लेकर सूद चैरिटी फाउंडेशन की स्थापना करने तक, जो चिकित्सा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में गरीबों और वंचितों के लिए विभिन्न अखिल भारतीय पहल करने से लेकर अभिनेता और निर्माता से परोपकारी तक सोनू सूद की यात्रा अभूतपूर्व रही है। अभिनेता को कल रात मुंबई में ताज सांताक्रुज में आयोजित सोसाइटी अचीवर्स अवॉर्ड्स में नेशंस प्राइड पुरस्कार के साथ उनकी अद्भुत यात्रा के लिए नवाजा गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक शानदार समारोह में अभिनेता, निर्माता और परोपकारी को अवार्ड प्रदान किया। जहां फिल्म उद्योग के सहयोगियों ने उनका उत्साहवर्धन किया।



# हॉलीवुड...

## इस गंभीर बीमारी का शिकार हुए थॉर



हॉलीवुड अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ अल्जाइमर से संबंधित बीमारी से ग्रसित हो गए है। इस कारण वो सिनेमा इंडस्ट्री से कुछ समय का ब्रेक लेने जा रहे है। मार्वल स्टुडियोज फेम थॉर और अवेंजर्स सीरीज में नजर आए क्रिस के फैंस इस खबर से काफी दुखी हो गए है। इस संबंध में खुद क्रिस ने जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि उन्हें अल्जाइमर की बीमारी के कुछ लक्षण देखने को मिले है। ये लक्षण उनके माता और पिता को भी थे, जिसके बाद उन्हें भी ये लक्षण मिले हैं। दरअसल क्रिस अपने टेस्ट करवाना चाहते थे जो उन्हें डीएनए से संबंधित जानकारी देते। इस टेस्ट के जरिए उन्हें पता चला है कि जीन अल्जाइमर के रोग के खतरे को बढ़ाता है।

### एक्टिंग से लेंगे ब्रेक

उन्होंने कहा कि एक्टिंग से भी वो ब्रेक लेंगे। उन्होंने फैंस को मैसेज देते हुए कहा कि बीमारी के कारण वो एक्टिंग नहीं छोड़ रहे हैं मगर इलाज कराने के लिए कुछ समय के लिए वो एक्टिंग से ब्रेक लेंगे ताकि इलाज पर पूरा फोकस कर सकें। उन्होंने कहा कि एक्टिंग से ब्रेक लेने का ये अच्छा समय है। इस दौरान मैं परिवार को अधिक समय दे पाउंगा। मैं अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहूंगा। बता दें कि अल्जाइमर एक बीमारी है जिसमें मरीज को कुछ याद नहीं रहता है। क्रिस हेम्सवर्थ की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। वो दुनिया के दमदार अभिनेताओं में से एक है। फैंस उनकी एक्टिंग की बदौलत उनके दीवाने है।

## ऊंचाई: फिल्म विवाह के लिए सूरज आर. बड़जात्या की सहायता करने से लेकर उनके साथ एक फिल्म बनाने तक

सूरज बड़जात्या और महावीर जैन की हालिया फिल्म ऊंचाई 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सूरज आर. बड़जात्या ने निर्देशित किया था और महावीर जैन फिल्म्स और बाउंडलेस मीडिया के साथ अपने बैनर राजश्री प्रोडक्शंस के तहत निर्माण किया था। निर्माता महावीर जैन ने हाल ही में विवाह की शूटिंग के दौरान सूरज आर. बड़जात्या के साथ काम करने की इच्छा के बारे में बात की और उंचाई के साथ उनकी लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा कैसे पूरी हुई।

सूरज जी लंबे समय से फिल्म उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम रहे हैं। उन्होंने हमें कुछ अविश्वसनीय फिल्में दी हैं जिनका हर व्यक्ति आनंद ले सकता है। सूरज जी की फिल्मों में निहित गर्मजोशी, प्यार और अच्छाई होती है, इसने मुझे बहुत प्रभावित किया और यह थी मैं उनकी सहायता करना चाहता था क्योंकि मैं उनके करीब रहना चाहता था और यह सीखना चाहता था। आखिरकार मुझे उंचाई में एक संयुक्त निर्माता के रूप में उनके साथ काम करने का अवसर मिला और यह वास्तव में उनके साथ सहयोग करने का एक अविश्वसनीय और अद्भुत अनुभव था। - उन्होंने कहा। निर्माता ने आगे कहा, ऊंचाई एक विशेष फिल्म है, हमने दादा-दादी से लेकर पोते-पोतियों तक परिवारों की तीन पीढ़ियों को फिल्म देखने और आनंद लेने के लिए आते देखा है। प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है। सूरज जी की कहानी कहने का कौशल वास्तव में दिल को छू लेने वाला है और देश भर के परिवारों के साथ प्रतिध्वनित हुआ है।



उंचाई कामरेडशिप की कहानी है और इसमें परिणीति चोपड़ा के साथ सदाबहार अभिनेता अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, डैनी डेन्जोंगपा, नीना गुप्ता और सारिका सहित कई दिग्गज कलाकार हैं। फिल्म को रिलीज के पहले सप्ताह के दौरान शानदार प्रतिक्रिया मिली और दर्शकों से लगातार शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के साथ, सूरज आर. बड़जात्या की राजश्री प्रोडक्शंस ने 75 साल पूरे कर लिए, जिसने हिंदी सिनेमा को 60 फिल्में दीं, जो सभी पारिवारिक मनोरंजक है।

## एक नजर

### टिर्की ने राज्य संघों से कहा, ड्रैग फ्लिकिंग एवं गोलकीपिंग कौशल में सुधार पर ध्यान दें

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने विशेषज्ञ ड्रैग फ्लिकर्स और गोलकीपर का कुशल समूह तैयार करने की क्वायद में अपने सदस्य संघों से खेल के इन दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने इन दो कौशल में निपुण विशेषज्ञ युवा खिलाड़ियों का समूह तैयार करने पर जोर दिया। टिर्की ने हॉकी इंडिया के सदस्य संघों को भेजे गए पत्र में कहा , ड्रैग फ्लिकिंग तकनीक आधुनिक हॉकी के सबसे रोमांचक पहलुओं में से एक बन गया है। बेहतर तालमेल से लिया गया पेनल्टी कॉर्नर जिसमें गेंद गोली की रफ्तार से आगे जाती है वह खेल का रोमांचक पहलू बन गया है। उन्होंने कहा, इसी तरह से एक बेहद कुशल और चपल गोलकीपर का महत्व भी लगातार बढ़ रहा है। भारत की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हाल की सफलता का श्रेय पीआर श्रीजेश और सविता पुनिया को भी दिया जा सकता है जिन्होंने अपनी भूमिकाएं पूरे पेशेवरपन से निभाई। टिर्की ने कहा, जूनियर स्तर पर ड्रैग फ्लिकर्स और गोलकीपरों के कौशल में आमूलचूल सुधार की जरूरत है। इसलिए विभिन्न अकादमी में इन विभागों पर विशेषज्ञता पूर्ण कोचिंग देने की जरूरत बढ़ रही है।

### ऑस्ट्रेलिया के बॉयल चोट के कारण विश्व कप से बाहर

**दोहा।** ऑस्ट्रेलिया के विंगर मार्टिन बॉयल घुटने की चोट के कारण फीफा विश्व कप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने घोषणा की है कि 26 सदस्यीय टीम में मार्को टिलियो उनकी जगह लेंगे। स्कॉटिश लीग टीम हाइबरनियन के लिए खेलने वाले बॉयल को लगभग तीन हफ्ते पहले चोट लगी थी और वह कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम के साथ ट्रेनिंग नहीं कर पाए। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को इंस्टाग्राम पर बयान में कहा कि वह अब ऑस्ट्रेलियाई टीम की हौसलाअफजाई करेंगे। बॉयल ने लिखा, नहीं पता कि मैं शब्दों में यह कैसे बयां करूं कि विश्व कप टीम से बाहर होकर मैं कितना निराश हूं। फिट होने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया लेकिन दुर्भाग्य से इस बार ऐसा नहीं कर पाया। उन्होंने कहा, टीम में चुने जाने और टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने में भूमिका निभाने की खुशी है। आभारी हूं कि मुझे शिविर में रखा गया। मैदान के अंदर और बाहर साथियों का पूरा समर्थन करूंगा और पूरे विश्व कप का अनुभव लूंगा। इक्कीस साल के टिलियो ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न सिटी की ओर से खेलते हैं। वह दोहा में टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।



*कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप ए मैच में कतर के खिलाफ बॉल को किक करते इक्वाडोर के एंजेलो प्रेसियाडो।*

## पाकिस्तान ने रहस्यमयी स्पिनर को टेस्ट टीम में जगह दी

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए रहस्यमई स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मोहम्मद अली के रूप में दो नए चेहरे अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किए हैं। चौबीस वर्षीय अबरार घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं जहां उन्होंने 21.95 की औसत से 43 विकेट लिए हैं। मोहम्मद अली ने पिछले दो सत्र में 56 विकेट लिए थे जबकि इस सत्र में वह अभी तक



24 विकेट हासिल कर चुके हैं। इंग्लैंड 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। उसने पाकिस्तान में आखिरी श्रृंखला 2005 में खेली थी। इस बीच पाकिस्तान ने दो बार संयुक्त अरब अमीरात में इंग्लैंड की मेजबानी की थी। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच एक दिसंबर से रावलपिंडी में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट मैच नौ से 13 दिसंबर के बीच मुल्तान में जबकि तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 17 से 21 दिसंबर के बीच कराची में खेला जाएगा।

**टीम किस प्रकार है :**

बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अजहर अली, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, इमाम उल हक, मोहम्मद अली, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, नौमान अली, सलमान अली आगा , सरफराज अहमद, सऊद शकील, शान मसूद और जाहिद महमूद।

# अंतिम टी20 में उमरान मलिक और संजू सैमसन को मौका देगा भारत?

**एजेंसी ■ नेपियर**

भारत को अपने रवैए में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है लेकिन एक बार फिर सवाल यही उठता है कि क्या टीम मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उमरान मलिक और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को मौका देगी या नहीं।

टी20 विश्व कप में एक बार फिर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद संभावना थी कि भारत कुछ अन्य खिलाड़ियों को आजमाएगा लेकिन अगर दूसरे टी20 के टीम संयोजन को देखें तो संकेत मिलते हैं कि टीम शून्य से शुरुआत करने को लेकर झिझक रही है। सूर्यकुमार यादव के शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन को छोड़ दें तो भारतीय टीम को रविवार को एक बार फिर 160 रन का स्कोर खड़ा करने में जूझना पड़ता जो ऑस्ट्रेलिया में हुए विश्व कप की याद दिलाता है जहां भारतीय टीम बड़े स्कोर खड़े करने में विफल हो रही थी। पावर प्ले में भारत का रवैया बड़ी



चिंता का सबब है। दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम में इशान किशन के साथ ऋषभ पंत को आजमाया गया लेकिन वांछित नतीजे नहीं मिले। पंत के स्तर को देखते हुए श्रृंखला के अंतिम मैच में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

सैमसन एक अन्य बल्लेबाज हैं जो तुरंत प्रभाव छोड़ सकते हैं लेकिन टीम उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं कर रही। कप्तान हार्दिक पंड्या की मैच के बाद की टिप्पणी पर गौर करें तो उन्होंने कहा था कि प्रबंधन के तीसरे टी20 के लिए काफी बदलाव करने की संभावना नहीं है। पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि दूसरा मैच जीतकर भारत श्रृंखला में।-0 से आगे है। सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल भी पारी की शुरुआत करने के दावेदार हैं लेकिन टीम ने बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों को पारी का आगाज करने के लिए चुना। संभावना है कि उन्हें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ही मौका मिलेगा जो टी20 मुकाबलों के बाद खेली जाएगी। पंड्या टीम में ऐसे और अधिक बल्लेबाजों को शामिल करने के इच्छुक हैं जो गेंदबाजी भी कर सकें और दीपक हुड्डा उन्हें ऐसा एक विकल्प देते हैं। सबसे बड़ी निराशा हालांकि दूसरे टी20 में उमरान मलिक को शामिल नहीं करना रही।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**न्यूजीलैंड:** फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिशेल, एडम मिल्ने, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी (कप्तान), ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिक्नर, मार्क चैपमैन।

**भारत:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), ऋषभ पंत, इशान किशन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।**

### चिकित्सा कारणों से भारत के खिलाफ तीसरे टी20 में नहीं खेल पाएंगे विलियमसन

**नेपियर।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चिकित्सा कारणों से भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। विलियमसन को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिकित्सक से मिलना है। विलियमसन के विकल्प के रूप में मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। विलियमसन बुधवार को टीम के साथ जुड़ेंगे जब सभी खिलाड़ी ऑक्लैंड में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए जुटेंगे। पहला एकदिवसीय शुक्रवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि चिकित्सक से मिलने का उनकी कोहनी की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।



## कतर में फीफा विश्व कप के इतर वैश्विक नेताओं से मिले उपराष्ट्रपति धनखड़


**एजेंसी ■ दोहा**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कतर में फीफा विश्व कप के इतर कई वैश्विक नेताओं के साथ मुलाकात की जिनमें संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुतारेस भी शामिल हैं। धनखड़ दो दिवसीय यात्रा पर दोहा में हैं जहां वह फीफा की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वह कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के निमंत्रण पर दोहा के दौरे पर हैं। धनखड़ रविवार को कतर के अल बायत स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2022 के उद्घाटन के मौके पर शेख तमीम से भी मिले। भारत के उपराष्ट्रपति ने दोनों नेताओं की तस्वीर



के साथ ट्वीट किया, माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कतर के अल बायत स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2022 के उद्घाटन के दौरान कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ मुलाकात की। धनखड़ ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस से भी मुलाकात की। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, आज कतर में फीफा विश्व कप 2022 के उद्घाटन के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस, फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक के साथ बातचीत की। उन्होंने ट्वीट किया, माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कतर के अल बायत स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2022 के दौरान दुनिया के नेताओं के साथ मुलाकात की। फुटबॉल विश्व कप के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के अलावा उपराष्ट्रपति यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान में शुक्रवार को कहा गया कि उपराष्ट्रपति की यात्रा एक करीबी और मित्र देश कतर से जुड़ने का एक अवसर होगा जो एक प्रमुख खेल आयोजन की मेजबानी कर रहा है।

### जोकोविच ने फेडरर के रिकॉर्ड छह एटीपी फाइनल्स खिताब की बराबरी की



**तुरिन।** नोवाक जोकोविच ने तीसरे वरीय कास्पर रूड को हराकर रविवार को यहां रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छठी बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। सर्बिया के जोकोविच ने रूड को 7-5 6-3 से हराकर 2015 के बाद पहली बार यह टूर्नामेंट जीता और फेडरर के छह खिताब की बराबरी की। पैंतीस साल के जोकोविच पिछली दो बार जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच ने खिताब जीतने के बाद कहा, सात साल लंबा समय होता है। साथ ही यह तथ्य कि मैंने सात साल इंतजार किया, यह इस जीत को और अधिक मधुर और बड़ा बना देता है। साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट को जीतने वाले जोकोविच सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें टेनिस इतिहास की सबसे बड़ी इनामी राशि भी मिली। उन्हें एटीपी फाइनल्स जीतने के लिए 47 लाख डॉलर की राशि मिली। जोकोविच ने साल का अंत 18 जीत और एक हार के साथ किया। उन्होंने तेल अवीव और अस्ताना में खिताब जीते जबकि पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई।

## शॉर्ट न्यूज

### झारखंड से हार कर दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट की दौड़ से बाहर

**कोलकाता।** दिल्ली की टीम सोमवार को यहां झारखंड से पांच विकेट की हार के साथ ही विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 259 रन बनाए जिसमें आयुष बडोनी की 69 गेंदों पर खेली गई नाबाद 91 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने अपनी इस पारी में नौ चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान नितीश राणा ने 51 और यश धुल ने 49 रन का योगदान दिया। झारखंड की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम ने कसी हुई गेंदबाजी की तथा अपने 10 ओवरों में केवल 34 रन दिए। झारखंड ने दिल्ली का लक्ष्य 48.5 ओवर में हासिल कर दिया। उसकी तरफ से विराट सिंह ने 128 गेंदों पर नाबाद 116 रन बनाए। कुमार कुशाग्र ने 40 गेंदों पर 49 रन का योगदान दिया। दिल्ली ने टी20 घरेलू प्रतियोगिता के नॉकआउट में जगह बनाई थी लेकिन लिस्ट ए टूर्नामेंट में उसको लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले दिल्ली की टीम राजस्थान और कर्नाटक से हार गई थी। दिल्ली की तरफ से अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने आठ ओवर में 40 रन दिए जबकि ललित यादव और शिवांक वशिष्ठ ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली पर जीत से झारखंड के छह मैचों में पांच जीत से 20 अंक हो गए हैं। कर्नाटक और असम के भी 20 अंक हैं। दिल्ली अपना अंतिम लीग मैच बुधवार को असम के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप बी के अन्य मैचों में असम ने विदर्भ को सात विकेट से जबकि कर्नाटक ने सिक्किम को छह विकेट से हराया। राजस्थान में भी मेघालय पर 296 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

### विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिडफील्ड की कमजोरियों से उबरना होगा फ्रांस को



**दोहा।** चोटिल करीम बेनजेमा की गैरमौजूदगी के बावजूद गत चैंपियन फ्रांस की अग्रिम पंक्ति काफी मजबूत है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप डी मैच में टीम को मिडफील्ड की कमजोरियों से उबरना होगा। अधिकांश टीम काइलन एमबापे, एंटोनी ग्रिजमैन या ओलिवर गिरोड को अपनी अग्रिम पंक्ति में शामिल करेंगी, फिर अगर ए तीनों किसी टीम का हिस्सा हों तो फिर सोने पर सुहागा है। इन तीनों ने मिलकर फ्रांस के लिए 119 अंतरराष्ट्रीय गोल दागे हैं जबकि उनकी गति, अनुभव और कौशल का भी कोई जवाब नहीं है।फ्रांस की मिडफील्ड हालांकि उतनी मजबूत नहीं है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह टीम के लिए परेशानी का सबब हो सकता है।

### तीन दिवसीय क्रिकेट लीग का आयोजन

**नई दिल्ली।** पृथ्वी,पर्यावरण और परिवर्तन और कार्बन न्यूट्रल ग्रीन वॉरियर थीम को संवेदनशील बनाने के लिए इशरे ने तीन दिवसीय क्रिकेट लीग का आयोजन किया। यह जानकारी इशरे दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने दी। लीग के दौरान इशरे ने जीरो प्लास्टिक, सस्टेनेबल लिविंग और ग्रीन ड्राइव को बढ़ावा दिया। गुप्ता ने बताया कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हमदर्द यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के इस मैदान में इशरे के दिल्ली चैप्टर द्वारा किए गए स्कोर के बराबर पौधा लगाने का निर्णय लिया गया है। इस टूर्नामेंट में छह टीमों ने भाग लिया। फाइनल जेप्स और ब्राईएर द्वारा खेला गया।, जहां जेप्स ने डीसीआई कप 2022 का खिताब जीता। कार्यक्रम में एनएस चंद्रशेखर, डॉ. वरुण जैन, पंकज धारकर, विशाल कपूर,अनूप बलपनी,रजनीश अग्रवाल, संदीप गोयल, प्रियांक गर्ग, पायल जैन, कंवलजीत जावा,चिराग बैजल और कविश शाह, प्रदीप कुमार दुआ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




**विजय हजारे ट्रॉफी** — तमिलनाडु ने इस मैच में दो विकेट पर 506 रन बनाए जो पुरुष लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर है।

# जगदीशन ने लिस्ट ए में सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी ■ बेंगलुरु**

तमिलनाडु के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अरूणाचल प्रदेश के खिलाफ 141 गेंद में 277 रन की पारी खेलकर लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। ग्रुप सी के इस मैच में तमिलनाडु ने 435 रन से जीत दर्ज की जो लिस्ट ए मुकाबले में जीत का सबसे बड़ा अंतर है। सबसे बड़ी जीत का पिछला रिकॉर्ड समरसेट के नाम था जिसने 1990 में डेवोन को 346 रन से हराया था। छब्बीस साल के जगदीशन ने 2002 में ग्लेमोर्गन के खिलाफ सरे के एलिस्टेयर ब्राउन के 268 रन के सर्वाधिक लिस्ट ए स्कोर के रिकॉर्ड



को तोड़ा। जगदीशन ने इस पारी के दौरान भारत की ओर से सर्वाधिक लिस्ट ए स्कोर के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को भी तोड़ा जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 264 रन बनाए थे। तमिलनाडु ने इस मैच में दो विकेट पर 506 रन बनाए जो पुरुष लिस्ट ए क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम था जिसने इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड के खिलाफ चार विकेट पर 498 रन बनाए थे। भारत में लिस्ट ए में पिछला सर्वाधिक टीम स्कोर मुंबई के नाम था जिसने 2021 में जयपुर में पुडुचेरी के खिलाफ चार विकेट पर 457 रन बनाए थे। भारत के अनुभवी क्रिकेटर और तमिलनाडु टीम में जगदीशन के साथी दिनेश कार्तिक ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया, विश्व रिकॉर्ड अलर्ट। जगदीशन का क्या शानदार प्रयास। उसके लिए बहुत खुश हूं। बड़ी चीजें इंतजार करती हैं। साई सुदर्शन के लिए भी मौजूदा टूर्नामेंट शानदार रहा। यह सलामी जोड़ी विरोधियों को ध्वस्त कर रही है। शानदार खेल दिखाया। दोनों टीम के बीच के स्तर के अंतर की ओर इशारा करते हुए कार्तिक ने एक अन्य ट्वीट में कहा, साथ ही क्या यह समझदारी भरा है कि पूर्वोत्तर की टीमों को लीग चरण में ही एलीट टीमों से भिड़ाया जाए। इससे टीमों के रन रेट में इजाफा होगा और कल्पना कीजिए कि इनमें से एक टीम के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाए। क्या उनके लिए अलग ग्रुप नहीं हो सकता और फिर वे क्वालीफाई करें। अरूणाचल उन नौ टीम में शामिल है जो 2018-19 से घरेलू सर्किट से जुड़े। जगदीशन ने अरूणाचल के गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए रिकॉर्डों की झड़ी लगा दी। उन्होंने सिर्फ 114 गेंद में 200 रन के आंकड़े को छुआ और इस दौरान लिस्ट ए इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी की। ट्रेविस हेड ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के मार्श कप में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए क्वीन्सलैंड के खिलाफ 114 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। जगदीशन ने अपनी पारी में 15 छक्के मारे जिससे वह विजय हजारे ट्रॉफी के मैच में सर्वाधिक छक्के मारे वाले बल्लेबाज भी बने।

## ट्रेंड

# दुल्हन का हार कैसा हो



दुल्हन का हार उसके श्रृंगार को पूरा करता है। लेकिन शादी के बाद यह केवल अलमारी में रखा रह जाता है। बेहतर होगा कि ऐसा हार लिया जाए जिसे आप कभी भी पहन सकें। एक भारी हार के बजाय तीन-चार हारों को साथ कर लें। इन्हें एक साथ पहनने पर ये वज़नदार दिखेंगे और बाद में आप इन्हें अलग-अलग भी पहन सकेंगी।

पोलकी और नगों का हार

पोलकी का हल्का हार और बड़े नगों का हार पेयर कर सकती हैं। पोलकी का रंग हल्का होता है इसलिए बड़े नगों वाले हार का रंग चटख चुनें। जैसे हरा रंग पोलकी के साथ खूब जमेगा। गहरे गुलाबी और लाल रंग के नग भी पोलकी के साथ बहुत सुंदर लगेंगे।

मोती और नगों का मेल

बड़े-बड़े नगों वाले हार के साथ सफेद मोती जड़ा नेकलेस पहन सकती हैं। सफेद मोती के हार के साथ गहरे रंग के स्टोन जंचेंगे। नगों का चोकर पहनें, उससे थोड़ा लंबा हार मोती का और उससे लंबा हार नगों का पहन लें। नगों का रंग एक ही होना चाहिए।

सदाबहार मोतियों का हार

मोतियों के आभूषण का फैशन कभी पुराना नहीं होता। मोतियों के दो-तीन लंबे हार को लेयर बनाकर पहन सकती हैं। इसमें मोतियों का एक चोकर और एक वी आकार का लंबा हार बेहद सुंदर लगेगा।

ऐसे बनाएं हार की लेयर

पतले और नाजुक हारों की परत बनाएं। इन्हें एक साथ पहनने से राजशाही रूप मिलेगा।

अलग-अलग हारों की लेयर बनाने के लिए केवल एक-दो रंगों का उपयोग करें।

आप अपने लहंगे से कंट्रास्ट रंग का हार पहन सकती हैं, मिसाल के तौर पर अगर पीच रंग का लहंगा पहना है तो इस पर लाल, हरे, गुलाबी रंग की जूलरी पहनें।

जूलरी की आकृति में प्रयोग कर सकती हैं, जैसे मोतियों के अलग-अलग आकार, चमकदार कुंदन आदि को मिलाकर पहन सकती हैं।

हार की लेयर बनाते वक्त एक हार लंबा पहनें। पर यह बहुत लंबा न हो यानी कि पेट तक नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे लुक ख़राब होगा।

## ट्रेड फेयर/फैशन

## रेखा, शबाना की डिजाइनर साड़ी आपके बजट में

बालीबुड की हीरोइनों की तरह आप दिखती हैं या नहीं यह तो आपके हाथ में नहीं है पर आप उनके द्वारा पहनी जाने वाली साड़ी जरूर पहन सकती हैं। जी हां! ट्रेड फेयर में यूपी पवेलियन में आजमगढ़ से आए मोहम्मद ताबिश की बनाई साड़ी फ़िल्म अभिनेत्री रेखा, शबाना आज़मी, विद्या बालन, समेत दर्जन भर से भी ज्यादा अभिनेत्रियां पहनती हैं। उन्होंने बताया कि आम महिलाएं भी बालीवुड सेलेब्रिटीज़ की तरह साड़ी पहनना चाहती हैं, वह यहां से खरीद सकती हैं, लेकिन दाम लाखों में नहीं आपके पॉकेट के अनुसार है। ताबिश ने बताया कि भारतीय साड़ी वाकई लोकल फ़ॉर ग्लोबल हो गया है और अब दुनिया के लोग किस तरह की साड़ी पहनना पसंद करते हैं इसके लिए हम दूसरे देशों की डिजाइन को साड़ियों में शामिल करते हैं। इससे उन देशों के लोग भी अपने को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।



## फैशन

# चिकनकारी वर्क जो सबको भाए

**चिकनकारी का काम हाथ से किया जाता है। इसमें बहुत ही कूल कलर्स का प्रयोग होता है बहुत ज्यादा चटक रंगो का इस्तेमाल नहीं किया जाता। वैसे तो चिकनकारी के कपड़ो की डिमांड पूरी दुनिया में है लेकिन भारतीय महिलाओं की तो यह पहली पसंद है। यह देखने में बहुत क्लासी लगते है चाहे चिकनकारी से सजे कुर्ते और दुपट्टे हो या फिर चिकनकारी की साड़ी आदि। यहां हम चर्चा कर रहे हैं मौजूदा ट्रेंड की...**

### अनारकली कुर्ती

यह आजकल ट्रेंड में है और दिखने में बहुत कूल है आप इसे पलाज़ो के साथ कैरी कर सकती है अगर आप कॉलेज गोइंग है तो डेनिम जींस के साथ भी कैरी कर सकती है। इसमें आपको पर्पल, सी ग्रीन, लेमन येलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, ब्लैक व्हाइट कलर चूज़ कर सकती है। अनारकली कुर्ते बेहद बारीक़ एम्ब्रॉयडरी से सजे हुए होते है इनके साथ आप मेटल या फिर पर्ल ज्यूलरी कैरी कर सकती है।



### चिकनकारी कुर्ते

इस तरह के चिकनकारी से सजे हुए कुर्ते सभी की पसंद है आप चाहे कॉलेज गोइंग है या फिर वर्किंग ये हर किसी को सूट करते है इन्हे आप लैगिंग्स, ट्राउज़र्स या फिर जींस के साथ कैरी करे यह सभी के साथ मैच करेंगे। आप शिफॉन या फिर कॉटन दोनों में से किसी भी फैब्रिक को चूज़ कर सकती है।

### चिकनकारी वर्क से सजी साड़ी

चिकनकारी के काम से सजी हुई ये साड़िया एक नज़र में ही हर किसी को भा जाती है दिखने में बेहद खूबसूरत और पहनने में बहुत ही आरामदायक होती है इन साड़ियों पर धागों की बहुत ही खूबसूरत और बारीक़ एम्ब्रॉयडरी की गयी है। चिकनकारी वर्क में कुछ नया ट्राई करने के लिए अब चिकनकारी में गोल्डन धागों का इस्तेमाल किया जाने लगा है इन साड़ियों पर गोल्डन कलर से बहुत ही खूबसूरत वर्क किया गया है।

### चिकनकारी से सजे शॉर्ट कुर्ते

ये कभी आउट ऑफ़ फ़ैशन नहीं होते, चिकनकारी से सजे शॉर्ट कुर्ते हर किसी की पसंद होते है और ये कुर्ते हर एज़ ग्रुप के लोगो पर अच्छे लगते है इनमें आप ब्लैक ब्लू, व्हाइट कलर अपना सकती है ये कुर्ते आपको स्टाइलिश लुक देंगे।

### कीमत

चिकनकारी के आउटफिट्स की प्राइज़ अलग -अलग होती है यह वर्क क्वालिटी पर डिपेंड करता है बेहद बारीक़ वर्क की कीमत थोड़ी ज्यादा हो सकती है। अनारकली कुर्तो की कीमत 800-1500 तक हो सकती है सिंपल कुर्ते आपको 500 से 650 तक में मिल जाएंगे शॉर्ट कुर्तों की कीमत 500 है। चिकनकारी से सजी साड़िया 2000 से 5000 तक में आराम से मिल जाएंगी।

# मुंह धोएं मगर सावधानी से...

**त्वचा तैलीय हो या उसमें मुंहासे होते हों तो बेंज़ोयल पेरोक्साइड जैसे एक्टिव एलीमेंट की अधिक मात्रा वाले फेस वॉश या क्लींजर से दिन में दो बार मुंह धोना चाहिए। मुंह को ज़्यादा देर तक नहीं धोना चाहिए क्योंकि यदि क्लींजर में एक्स फ़ोलीएटिंग तत्व है, तो त्वचा में लालिमा और खुजली हो सकती है।**

❍सुबह मुंह धोने से मृत कोशिकाएं हट जाती हैं। साथ ही त्वचा से रात भर में स्त्रावित होने वाले अतिरिक्त तेल को हटाने में भी मदद मिलती है।

❍दिनभर में धूल-प्रदूषण के संपर्क में आने के कारण चेहरे पर गंदगी जमा होती है, इसलिए रात में सफ़ाई आवश्यक है।

❍चेहरा बिना धोए सोने से त्वचा को कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व नहीं मिलते हैं और त्वचा का तापमान भी बढ़ जाता है।

❍त्वचा के पीएच स्तर को बनाए रखने और उम्र के साथ बढ़ती झुर्रियों को दूर करने के लिए भी चेहरे की सफ़ाई ज़रूरी है।



### चेहरा धोने की सही प्रक्रिया

❍एक मिनट तक मालिश करें... क्लींजर या फेश वॉश चेहरे पर लगाकर अगर फौरन धो लेते हैं, तो यह तरीक़ा सही नहीं है। 1 से 3 मिनट तक चेहरे और गर्दन की मालिश करें, फिर धो लें।

❍चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य अंगों की त्वचा की तुलना में अधिक मुलायम और संवेदनशील होती है। त्वचा पर कठोरता न बरतें जैसे अधिक धोना, रगड़ना, अधिक ठंडे या गर्म पानी से धोना आदि। गर्म पानी चेहरे के रोम छिद्रों को नहीं खोलता और अधिक ठंडा पानी उन्हें बंद भी नहीं करता है। गर्म पानी त्वचा से ज़रूरी तेल को नष्ट करता है और अधिक तापमान से त्वचा को झटका लगता है, इसलिए गुनगुने या हल्के ठंडे पानी से चेहरा धोना सबसे अच्छा है।

❍सौम्य, खुरदुरापन रहित क्लींजर का उपयोग करें।

❍यह सोच ग़लत है कि त्वचा साफ़ करने के लिए उसे ज़्यादा रगड़ना चाहिए, ज़्यादा रगड़ने से त्वचा को हानि पहुंचती है।

❍सामान्यतः चेहरे को दिन में सिर्फ दो बार सुबह और रात को सोने से पहले धोएं।

❍चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें और एक मुलायम तौलिए से थपथपा कर सुखा लें।

❍त्वचा रूखी या खुजलीदार है तो मॉइश्चराइज़र लगाएं। नरम हाथों से आंखों के आसपास क्रीम लगाएं, नाज़ुक त्वचा को ज़्यादा ज़ोर से न खींचे।

❍कैप या हेलमेट पहनने पर पसीना आने के कारण त्वचा में जलन होती है। इसलिए दिनभर में जब भी पसीना आए उसके बाद चेहरा सादे पानी से धो लें।

## टिप्स

# हल्के मेकअप से पाएं गुड लुक

कुछ महिलाएं इसलिए भी मेकअप के नाम से डर जाती है क्योंकि उन्हें पार्लर में बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ जाते हैं। कॉलेज हो या ऑफिस आजकल सभी युवतियां मेकअप से अपने चेहरे को एक अच्छा लुक देना चाहती हैं तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं हल्के मेकअप से ही आप अपने चेहरे को कैसे एक अच्छा लुक दे सकती हैं।

**फेस मॉश्चराइर-** सबसे पहले चेहरे को अच्छे से धोने के बाद किसी भी ब्रांड का मॉश्चराइजर यूज़ कर सकते हैं जिससे चेहरे को अंदर से नमी मिलेगी और चेहरा मेकअप के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।

फेस प्राइमर- अब मेकअप के बेस को तैयार करने के लिए फेस पर कोई अच्छा सा प्राइमर लगाएं जिससे चेहरा पूरी तरह से मुलायम होगा और मेकअप को अधिक देर तक चेहरे पर रखने में मदद करेगा।

**फ़ाउंडेशन-** नेचुरल मेकअप के लिए अपनी स्किन टोन का कोई हल्का सा फ़ाउंडेशन लगा सकती हैं जिसे अपने अनुसार ज्यादा और कम कर सकती हैं। पूरे चेहरे पर माथे से लेकर गले तक इसे बिंदी की तरह अप्लाई कर सकती है ताकि कहीं टेनिंग ना नज़र आए।

**कंसीलर-** कंसीलर का प्रयोग मुख्यतः डार्क सर्कल को छिपाने के लिए किया जाता है इसे भी चेहरे पर फ़ाउंडेशन की तरह ही प्रयोग कर सकती हैं।

ब्लशर और हाइलाइटर- सारे स्टेपस के बाद अब गालों के बीच के थोड़े से हिस्से पर ब्लशर या हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकते है जिससे आपका मेकअप एकदम परफेक्ट लुक देगा जो चेहरे की चमक को देर तक बरकरार रखने में मदद करेगा।

**काजल और आइलाइनर-** मेकअप के लिए कोई आंखों के लिए कोई अच्छा सा काजल और आइलाइनर चुन सकते हैं जो आंखो में देर तक टिका रहे और आंखों के ग्लैम को बनाएं रखे।

**लिपस्टिक-** मेकअप का सबसे अहम हिस्सा लिपस्टिक है जिसे अपने हिसाब से कोई भी अच्छा रंग चुन सकती है। लेकिन याद रहे अगर आपके होंठ ड्राई हैं तो उन पर कोई लिप बाम लगाएं ताकि लिपस्टिक को लगाने में आसानी हो और देर तक लिपस्टिक होंठो पर लगी रहे।

**हेयरस्टाइल-** मेकअप के साथ हेयरस्टाइल का होना भी जरूरी है लेकिन हेयरस्टाइल आपके लुक से मैच भी होना चाहिए लड़कियां आजकल खुले बालों को रखना ज़्यादा पंसद करती है या छोटे हेयरबैंड से अपने बालों को क्लच करती है। वहीं कुछ को कर्ल हेयर्स भी पसंद होते हैं।



## ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर ने पेश किया एक युवा, समावेशी और अत्याधुनिक नया अवतार

ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर का 16वां संस्करण जो फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा समर्थित है, और 15 साल की अपनी प्रतिष्ठित विरासत को फिर से परिभाषित कर गया। क्यूरेटर-इन-चीफ के रूप में मशहूर डिजाइनर आशीष सोनी और फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ निरंतर साझेदारी के साथ, फैशन टूर चार मेट्रो शहरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और गुरुग्राम में यात्रा करने के लिए तैयार है।

कोलकाता चैप्टर प्राइड इन ब्रिंगिंग ट्विस्ट्स इन ट्रेडिशन के बारे में होगा जहां डिजाइनर शांतनु और निखिल अपने कलेक्शन में क्रिकेट की भावना को दिखाएंगे, जिसकी कल्पना भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ की गई है।

हैदराबाद चैप्टर प्राइड इन सस्टेनेबल फैशन पेश करेगा जहां डिजाइनर अमित अग्रवाल भारत के 100 सबसे प्रभावशाली आर्किटेक्ट्स में से एक नूरु करीम, जो ग्रह को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, फैशन में आधुनिक टिकाऊ तकनीकों के मिश्रण का प्रदर्शन करेंगे।

मुंबई चैप्टर प्राइड इन ब्रेकिंग नॉर्म्स ऑफ कन्वेंशनल फैशन को उजागर




करेगा, जहां डिजाइनर फाल्गुनी शाणे पीकॉक भारत में क्लासिक करने वाली पहली और अकेली महिला ग्रैफिटी आर्टिस्ट डिजी के सहयोग से भारतीय स्ट्रीट-आर्ट कल्चर की बढ़ती लहर से प्रेरित एक बोल्ड स्ट्रीट-ल्यूक्स कलेक्शन पेश करेंगी।

गुरुग्राम चैप्टर प्राइड इन सेलिब्रेटिंग डायवर्सिटी बाय डिफिइंग लेबल्स का प्रदर्शन करेगा, जहां डिजाइनर कुणाल रावल एक ऐसे कलेक?शन को पेश करेंगे जो आधुनिक भारतीय फैशन में विविधता और समावेशिता का जश्न मनाता है, जो नई पीढ़ी के सबसे ट्रेंडिंग संगीत कलाकार में से एक, हार्डी संधू के संगीत की गूंज से पूरित होगा।


कर्टन रेजर ने इन डिजाइनरों और कलाकारों को द वायरफ्रेम नामक एक आश्चर्यजनक नई अवधारणा के माध्यम से अनावरण किया। यह एक ऐसा ढांचा है जो कल्पना और नाटक की भावना का आह्वान करता है, और इस बहुप्रतीक्षित फैशन कार्यक्रम के व्यापक दर्शन का प्रतीक है।

कर्टन रेजर ने ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर द शोकेस भी प्रस्तुत किया, जो महत्वाकांक्षी फैशन डिजाइनर्स, शटरबग्स, मॉडल्स और कंटेंट क्रिएटर्स को खोजने और उनको प्रोत्साहन देने वाले भारत के अग्रणी प्लेटफार्म्स में से एक है।

इसके बाद शाम को सेलेब्रिटी होस्ट कुबरा सैत के नेतृत्व में बॉलीवुड सेलिब्रिटी और फैशन आइकन शोभिता धूलिपाला; डिजाइनर आशीष सोनी; स्नष्ठष्टढ्ढ के अध्यक्ष सुनील सेठी; और कार्तिक मोहिंद्रा, पर्नोड रिकार्ड इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी; के बीच फैशन टूर के उभरते हुए चेहरे पर एक प्रेरक बातचीत हुई।

# ठंड में स्किन को एक्सट्रा केयर की जरूरत

**ठंड के मौसम में स्किन को अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अमूमन इस मौसम में लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके अलावा आपको कुछ नेचुरल तरीकों को अपनाकर अपनी स्किन को पैम्पर करें। मसलन, इस मौसम में आप कीवी की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। कीवी फ्रूट फेस मास्क में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा, यह आपके स्किन कोलेजन को बूस्ट अप करता है, जिससे आपकी स्किन अधिक यंगर नजर आती है।**



### कीवी और बादाम के तेल से बनाएं फेस मास्क

विंटर में अगर आप अपनी स्किन को अधिक हाइड्रेटिंग बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में कीवी और बादाम के तेल की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं।

**तरीका-**

❍सबसे पहले आप कीवी को अच्छी तरह मैश कर लें।

❍इसके बाद आप इसमें बादाम का तेल और बेसन डालकर एक स्मूद पेस्ट बना लें।

❍ध्यान दें कि आप सभी चीजों को बेहद अच्छी तरह मिक्स करें।

❍अब आप अपने फेस को क्लीन करके इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।

❍करीबन 10-15 मिनट बाद आप अपने चेहरे को वॉश कर लें और फिर मॉइश्चराइजर अप्लाई करें।

### कीवी और एलोवेरा जेल से बनाएं फेस मास्क

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप कीवी और एलोवेरा जेल की मदद से भी फेस मास्क बना सकते हैं।

**तरीका-**

❍सबसे पहले आप एलोवेरा के पत्ते को तोड़कर उसमें से फ्रेश जेल निकाल लें।

❍अब आप कीवी को अच्छी तरह मैश कर लें।

❍इसके बाद आप कीवी के पल्प और एलोवेरा जेल को एक बाउल में डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।

❍अब आप अपने फेस को क्लीन करें और फिर इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।

❍आप एक दो मिनट के लिए चेहरे पर हल्की सी मसाज करें। इसके करीबन 10 मिनट बाद आप अपने चेहरे को पानी की मदद से धो दें।

### कीवी और ऑलिव ऑयल से बनाएं फेस मास्क

यह एक ऐसा फेस मास्क है, जिसे विंटर के लिए काफी अच्छा माना जाता है। जैतून के तेल और कीवी के रस में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन सेल्स को रिजुविनेट करते हैं। साथ ही साथ इससे ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है और आपकी स्किन अधिक दमकने लगती है।

**तरीका-**

❍सबसे पहले आप एक कीवी को मैश करें और पल्प बना लें।

❍अब आप इस पल्प में एक चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर मिक्स कर लें।

❍चेहरे को क्लीन करके आप इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं औरर हल्की मसाज करें।

❍करीबन 15 मिनट बाद आप अपने चेहरे को पानी की मदद से वॉश कर दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।